चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 44, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका 14

बोल्ट व चहल ने मुंबई को 125 के स्कोर पर रोका 13

एक नजर

ओपन कबड्डी में कालाढूंगी ने हल्द्वानी को हराया

कालाढूंगी : स्थानीय रामलीला मैदान में ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि दीवान बिष्ट ने किया। पहले दिन आठ टीमों के बीच मैच हुआ। पहले मैच में पिथौरागढ़ ने किच्छा को 18-20, दूसरे मैच में गोरखपुर ने बेरिया को 29-31, तीसरे मैच में कालाढूंगी ने हल्द्वानी को 35-21 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं देर रात तक कबड्डी मैच प्रतियोगिता चलती रही। आयोजक मंयक गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। निर्णायक इन्द्र, मनमोहन बसेड़ा, भाष्कर व संदीप रहे। इस दौरान पंकज पडलिया, गोविन्द पांडे, रजत पंत, ऋतिक गोस्वामी मौजूद रहे।

व्यवसायी के निधन पर शोक

हेम जोशी।

लालकुआं : वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी हेमचंद्र जोशी का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। घोड़ानाला निवासी वयोवृद्ध समाजसेवी चंद्रशेखर जोशी के जेष्ठ पुत्र हेमचंद्र जोशी (57 वर्ष) को रविवार को हल्द्वानी के निजी चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां सोमवार दोपहर को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। हेमचंद्र जोशी चार भाइयों में सबसे बड़े थे। हेम जोशी के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। इधर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, अमित बोरा, मीना कपिल, हेमवती नंदन दुर्गापाल आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

मीट विक्रेताओं ने लगाया धमकी देने का आरोप

रामनगर : मोहल्ला खताड़ी के बड़ा मीट विक्रेताओं ने दो लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। सोमवार को खताड़ी कोटद्वार रोड निवासी शुजाद कुरैशी ने कोतवाली में तहरीर दी कि खताड़ी निवासी सलीम, हसीन, अनीस, हाजी तय्यब, मोहम्मद सलीम उर्फ बबलू आदि लोग बड़ा मीट विक्रेता हैं। आरोप लगाया कि खताड़ी के रहने वाले दो लोग उनसे अवैध रूप से पैसों की मांग कर रहे हैं। पैसा न देने पर बड़ा मीट का स्लॉटर हाउस बंद कराने की धमकी दे रहे हैं। स्लॉटर हाउस में तैनात सरकारी डॉक्टर को भी ये लोग धमका चुके हैं। मीट विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि इसके विरोध में सोमवार को खताड़ी और गुलरघट्टी के बड़ा मीट विक्रेताओं ने दुकानें बंद कर विरोध जताया।

क्या जिले में खुल सकता है एम्स जैसा अस्पताल!

हाईकोर्ट ने बीडी पांडे अस्पताल में सुविधाओं की कमी पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की, केंद्र सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : हाईकोर्ट ने नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से नैनीताल जनपद में एम्स की तरह अस्पताल खोले जाने पर जवाब मांगा है। साथ ही अधिवक्ता विकास बहुगुणा को निर्देश दिए हैं कि वह फिर से अस्पताल का दौरा करें और सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें। मामले की अगली सुनवाई जून में होगी।

सोमवार को सुनवाई में अधिवक्ता एकराम परवेज ने हाईकोर्ट को बताया कि अभी भी अस्पताल में कई चिकित्सकीय सुविधाओं की कमी है।

मरीजों को उपचार के लिए अन्य अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर अस्पताल में जरूरी सुविधाएं पूरी हो चुकी हैं। पूर्व शिक्षक अशोक शाह ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि उन्हें छोटी-छोटी शिकायतों के लिए उच्च न्यायलय की शरण लेनी पड़ी रही है।

जनपद का मुख्य अस्पताल होने के बावजूद छोटी सी जांच के लिए मरीजों को सीधे हल्द्वानी भेज दिया जाता है।

अस्पताल में इलाज कराने को दूर-दराज से मरीज आते हैं लेकिन उनकी जांच करके हायर सेंटर रेफर किया जाता है। उन्होंने उच्च न्यायलय की खंडपीठ से प्रार्थना की है कि इस अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि दूर-दराज से आने वाले मरीजों को सही समय पर इलाज मिल सके।

स्टोन क्रशरों का जुर्माना माफ करने के मामले में सुनवाई अगस्त में होगी

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी के कार्यकाल के दौरान विभिन्न स्टोन क्रशरों पर अवैध खनन एवं भंडारण पर लगे लगभग 50 करोड़ जुर्माने को माफ करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अगली सुनवाई को अगस्त की तिथि नियत की है।

सोमवार को राज्य सरकार के पूर्व के आदेश के क्रम में रिपोर्ट पेश की गई, लेकिन रिपोर्ट हिंदी में होने के कारण कोर्ट ने सरकार से इसका अंग्रेजी में अनुवाद कर पेश करने को कहा। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता से इस रिपोर्ट का अध्ययन करने को भी कहा है। मामले के अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वर्ष 2016-17 में नैनीताल के तत्कालीन जिलाधिकारी ने कई स्टोन क्रशरों के अवैध खनन व भंडारण के जुर्माने के लगभग 50 करोड़ रुपए माफ कर दिए। जिलाधिकारी ने उन्हीं स्टोन क्रशरों का जुर्माना माफ किया, जिन पर जुर्माना करोड़ों में था।

जबकि जिन पर कम जुर्माना था उनको माफ नहीं किया। इसकी शिकायत मुख्य सचिव, सचिव खनन से की गई तो उसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। कहा गया कि यह जिलाधिकारी का विशेषाधिकार है। जब याचिकाकर्ता ने शासन से इसका लिखित रूप में जवाब मांगा तो आज की तिथि तक उन्हें इसका लिखित जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सूचना का अधिकार मांगा कि डीएम को किस नियमावली के तहत अवैध खनन व भंडारण पर लगे जुर्माने को माफ करने का अधिकार प्राप्त है।

इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी औद्योगिक विभाग उत्तराखंड ने कहा कि लोक प्राधिकार के अंतर्गत यह धारित नहीं है। जनहित याचिका में कहा गया कि जब लोक प्राधिकार में उक्त नियम धारित नहीं है तो जिलाधिकारी ने कैसे स्टोन क्रशरों पर लगा करोड़ों का जुर्माना माफ कर दिया। औद्योगिक विभाग ने 21 अक्टूबर 2020 को इसपर आख्या प्रस्तुत करने को कहा था जो प्रस्तुत नहीं की गई। याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि इसपर कार्यवाही की जाए क्योंकि यह प्रदेश राजस्व की हानि है।

पीएम विश्वकर्मा योजना में 2500 आवेदन प्राप्त

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पीएम विश्वकर्मा योजना में एक सप्ताह में 2500 आवेदन नगर निगम को प्राप्त हुए हैं। सोमवार को भी दर्जनों महिलाओं ने योजना में आवेदन किया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक सबसे ज्यादा आवेदन बनभूलपुरा क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं। विभाग के अधिकारी ईश्वरी पंत ने बताया कि योजना में नगर निगम को सही पात्रों का चयन करना है, ताकि फर्जीवाड़े पर रोक लग सके। बताया कि योजना में नाई, कुम्हार, मूर्तिकार, सुनार, दर्जी आदि 18 परंपरागत व्यवसायों में चयनित पात्रों को उद्योग विभाग की ओर से निशुल्क 5 व 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस दौरान उन्हें 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण-पत्र व टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिससे वे स्वरोजगार कर सकें।

श्री रामकथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

जंगलियागांव में कृष्ण जन्मोत्सव का मंचन करते लोग।

भीमताल : विकासखंड भीमताल के जंगलियागांव में चल रही श्री रामकथा में आचार्य भुवन चंद्र पांडे ने श्रीराम के चरित्र की विस्तार से कथा सुनाई। इसके बाद भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, पूर्व विधायक दान सिह भंडारी, मनोज भट्ट, रमेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

खुले आसमान के नीचे हो रहा बसों का इंतजार

- दो दशक से बस स्टैंड के निर्माण की मांग कर रहे हैं लोग

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : शासन ने भीमताल नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा तो दे दिया है, लेकिन नगर में कई मूलभूत सुविधाओं का अभी भी अभाव है। क्षेत्र के लोग पिछले दो दशक से रोडबेज बस स्टैंड निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बस स्टैंड न होने के कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बसों के आने-जाने की जानकारी न होने के कारण कभी-कभी तीन घंटे और कभी इससे अधिक समय तक सड़क पर खड़े रहना पड़ता है। कई बार इंतजार करने के बाद भी बस नहीं मिल पाती है। जिस पर उन्हें मायूस होकर घर लौटना पड़ता है। लोगों ने शासन और विभागीय अधिकारियों से भीमताल नगर में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण करने की मांग की है।

रोडवेज बस स्टैंड की मांग लंबे समय से उठ रही है। बस स्टैंड न होने के कारण बसों के समय की जानकारी नहीं मिल पाती है। कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। बस स्टैंड निर्माण की मांग को शासन और विभाग को पूरा करना चाहिए।

-विपिन चंद्रा, निवासी भीमताल

नौ वाहनों का चालान एक को सीज किया

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में कार पार्क करने वालों के खिलाफ कोतवाल ने अभियान चलाया। नो पार्किंग जोन में खड़े नौ वाहनों के चालान कर एक वाहन को सीज कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह सोमवार को खुद ही नो पार्किंग जोन से पार्क वाहन हटाने लगे। गोलघर में यूपी 70 सीएल 4888 निजी वाहन नो पार्किंग जोन में पार्क मिला। पता लगा कि वाहन चालक निजी वाहन का टैक्सी में प्रयोग कर रहा है। जिस पर वाहन चालक के खिलाफ 7500 का चालान किया गया। वहीं गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में यूके 04 सीसी 0410 पिकअप खड़ी कर यातायात बाधित करने पर वाहन सीज कर दिया गया। बताया कि इसके अलावा नो पार्किंग जोन में पार्क आठ और वाहनों के स्वामियों के खिलाफ ढाई-ढाई हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

डीएसए मैदान को बनाएं खेल स्टेडियम

- डीएम वंदना सिंह ने पर्यटन सीजन को लेकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा
- अधिकारियों से शहर को जाम मुक्त रखने और चौराहों के चौड़ीकरण में तेजी को कहा

संवाददाता, नैनीताल

पर्यटन सीजन से पहले शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पर्यटन सीजन को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को डीएम वंदना सिंह ने शहर के पर्यटक स्थलों, कार पार्किंग समेत हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

साथ ही मौके पर विभागीय अधिकारियों को कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम ने डीएसए मैदान पार्किंग, मल्लीताल में रिक्शा स्टैंड, बारापत्थर में सड़क और चौराहों के चौड़ीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट में दायर याचिका के तहत नैनीताल की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य करते हुए शहर के सबसे व्यस्त चौराहे के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जिससे पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल को जाम से मुक्त रखा जा सके। ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम ने कहा कि डीएसए मैदान को खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाए, जिसमें पार्किंग के प्रवेश मार्ग को चौड़ा कर व्यवस्थित करना, सीटिंग, लाइटिंग, पानी की निकासी, शौचालय आदि की व्यवस्थाओं का समुचित ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि तल्लीताल बस स्टेशन क्षेत्र का चौड़ीकरण होना है। लिहाजा जल्द ही पुलिस चौकी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बारापत्थर, रिक्शा स्टैंड मल्लीताल में चौराहों के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर एक्शन पीडब्ल्यूडी रितेश सक्सेना को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, ईओ, जिला विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी, आरडब्ल्यूडी, जल संस्थान, बीएसएनल सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

30 तक बोर्ड रिजल्ट घोषित करना प्राथमिकता

- उत्तराखंड बोर्ड के नये सचिव वीपी सिमल्टी ने संभाला पदभार

संवाददाता, रामनगर

बोर्ड कार्यालय में प्राथमिकता गिनाते वीपी सिमल्टी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के नये सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ. नीता तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर शासन ने सिमल्टी को बतौर सचिव नियुक्त किया था।

सिमल्टी पूर्व में भी बोर्ड सचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सेवानिवृत्ति होने पर डॉ. नीता ने विनोद प्रसाद सिमल्टी को पदभार सौंपा। बोर्ड कार्यालय में नवनियुक्त सचिव सिमल्टी ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि परिषद की टीम के साथ मिलकर 30 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षाफल घोषित कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। बताया कि 27 मार्च से चल रहे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसलिए बोर्ड कार्यालय में एक-दो दिन में परीक्षाफल के लिए फीडिंग और चेकिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।

जैसे-जैसे मूल्यांकन कार्य पूरा हो जाएगा, बोर्ड में परीक्षाफल निर्माण के कार्य में भी तेजी आएगी। सचिव सिमल्टी ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करना उनकी दूसरी प्राथमिकता है। इसके अलावा परिषद की व्यवस्थाएं दुरस्त रखने का कार्य भी किया जाएगा। इस दौरान अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत, उपसचिव सुषमा गौरव, संयुक्त सचिव डॉ. एसपी सिंह, संयुक्त सचिव श्याम सिंह बिष्ट, वित्त अधिकारी प्रेम राम मौजूद रहे।

राजकीय शिक्षक संघ ने किया नए सचिव का स्वागत

रामनगर : उत्तराखंड शिक्षा परिषद के नए सचिव वीपी सिमल्टी के पदभार ग्रहण करने पर राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने उम्मीद जताई कि सिमल्टी के निर्देशन में सरकारी शिक्षा मजबूती प्राप्त करेगी और बोर्ड कार्यालय से संबंधित शिक्षकों की सभी समस्याओं यथा बोर्ड परीक्षाओं व मूल्यांकन कार्यों के पारिश्रमिक को बढ़ाया जाएगा। रामनगर समेत अन्य स्थानों पर बोर्ड परीक्षा के नए संकलन केंद्र बनाएं जायेंगे। इस मौके पर संघ के ब्लाक अध्यक्ष संजीव कुमार, मंत्री अनिल कड़ाकोटी, अजीम सैफी, डा. नंदन बिष्ट, रमेश चंद्र सत्यवली मौजूद रहे।

नेपाली मूल के लोगों की जांच को लिखा पत्र

संवाददाता, नैनीताल

- प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, चुनाव आयुक्त, जिलाधिकारी समेत करीब 20 विभागों से की जांच की मांग

अमृत विचार : वर्ग विशेष के लोगों की ओर से सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से हुए कब्जों के बाद अब नेपाली मूल के लोगों की ओर से सरकारी भूमि पर कब्जे करने का मामला सामने आया है।

जिसकी जांच को लेकर नैनीताल निवासी पवन जाटव ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, चुनाव आयुक्त, जिलाधिकारी समेत करीब 20 विभागों को पत्र लिखा। उन्होंने सरकारी भूमि पर हुए कब्जों और भारत के फर्जी दस्तावेजों की जांच की मांग की। शिकायतकर्ता पवन जाटव ने शिकायती पत्र लिखते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल, ग्राम सभा खुर्पाताल, बजून चौराहे, पटवारी चौकी के पास वन विभाग की भूमि में अवैध अस्थाई कॉलोनी बना ली हैं। जिसमें दर्जनों परिवार रह रहे हैं। इन लोगों ने बिना नागरिकता लिए अवैध तरीके से यहां आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड व स्वास्थ्य कार्ड बना लिए हैं। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर लिस्ट में भी इनका नाम चढ़ाकर, बिजली व पानी के कनेक्शन ले लिए हैं। उत्तराखंड में रहने वाले नेपाल मूल के लोगों की जांच की जाए।

सार-संक्षेप

इस्कॉन के धार्मिक आयोजन में देर रात तक नाचे भक्त

गौर पूर्णिमा पर इस्कॉन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भक्त।

रामनगर : गौर पूर्णिमा पर इस्कॉन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भजनों एवं गीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के रंगमंच पर रुद्रपुर से आईं कृष्णा बलराम की मूर्ति के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। चैतन्य महाप्रभु के जन्मदिन पर उनका महाभिषेक प्रारंभ हुआ। मंच पर भगवान जगन्नाथ के विशेष दर्शन, विशेष फूलों की होली, महाआरती, नाटक, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम इस्कॉन के भक्तों द्वारा नाट्य रूपांतरण मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। हरिनाम संकीर्तन रॉक बैंड कीर्तन मुरादाबाद व वृंदावन से आए महामुनि प्रभु हरी दास ने हरिनाम संकीर्तन किया तो भक्तजन झूम उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमआर ग्रुप के अशोक कुमार अग्रवाल व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामनगर के नगर संचालक अजय अग्रवाल, हर्ष सुंदरियाल, भुवन डंगवाल, अतुल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कई प्रतिभाएं सम्मानित

कलाकारों को सम्मानित करते अतिथि।

रामनगर : पुष्कर सोसायटी की ओर से आयोजित नृत्य, गायन, मॉडलिंग प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसके बाद विजेता प्रतिभागियों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पंडित एनडी तिवारी ऑडिटोरियम हॉल में संपनन हुई प्रतियोगिता में होटल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष हरि सिंह मान, गोपाल दत्त, भगीरथ जोशी, ब्यूटीशियन मौ. शफी सैफी, पलक दिवाकर, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जफर सैफी, बाल विकास समिति की अध्यक्ष शबाना सैफी, मालती दुआ, काशीपुर होटल एसो. के आदिश गर्ग, ग्रोइंग वर्डस स्कूल की प्रबधंक नेहा, प्रिंसिपल अनीता रावत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रोइंग वर्डस स्कूल के बच्चों ने लोक नृत्य, कला व कत्थक का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सोसायटी की चैयरपर्सन पूनम गुप्ता, हिना, विमला जोशी, भावना, नीतू, दीप माला, प्रीति, खुशी, आध्या गुप्ता, चारू, हेमा जोशी, कल्पना जोशी, छायाकार रवि पपनै, एंकर अजीत ठाकुर आदि मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा कमेटी के महासचिव नरदेव शर्मा का निधन

नैनीताल : लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे दुर्गा पूजा कमेटी के महासचिव व समाजसेवी नरदेव शर्मा का उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। कमेटी के अध्यक्ष चंदन दास, त्रिभुवन फर्त्याल, भाष्कर बिष्ट, शिवराज नेगी ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

रोड शो | ऊधमसिंह नगर-नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ने नैनीताल में जनसंपर्क किया

सरकार के कार्यों से खुश होकर भाजपा से जुड़ रहे लोग : भट्ट

नैनीताल में समर्थकों के साथ रोड शो करते अजय भट्ट। ● अमृत विचार

जंगलियागांव में जनसंपर्क करते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ऊधम सिंह नगर-नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सोमवार को नैनीताल में जनसंपर्क किया।

इस दौरान भट्ट ने अपने समर्थकों के साथ तल्लीताल स्थित धर्मशाला से मालरोड, बड़ा बाजार क्षेत्र में रोड शो कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से खुश होकर आज देश की जनता पार्टी से तेजी से जुड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर रही है।

कई लोगों ने थामा भाजपा का हाथ

अजय भट्ट के नैनीताल जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने अपने क्षेत्र के दो दर्जन लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने की अपील

भीमताल : भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट के नेतृत्व में जंगलियागांव में जनसंपर्क कर लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने और प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। साथ ही 2 अप्रैल को रुद्रपुर में पीएम मोदी के आगमन पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशा रानी, रिहान खान, रवि कुमार मौजूद रहे।

मतदाताओं ने लिया मतदान का संकल्प

भीमताल : जनपद नैनीताल के भीमताल विधानसभा के सुदूरवर्ती मतदान केंद्र मलुवाताल के मतदाताओं ने इस बार शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। स्वीप नैनीताल के गौरीशंकर काण्डपाल के नेतृत्व में गई 12 सदस्यों की टीम के द्वारा मलुवाताल का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के अतिरिक्त एनआरएलएम तथा रीप भीमताल, ग्राम प्रधान मलुवाताल तथा बूथ लेवल अधिकारी के सदस्य भी मौजूद रहे। एनआरएलएम की सदस्य हर्षिता सनवाल ने बुजुर्ग एवं महिलाओं से एक-एक कर वार्ता एवं वोट करने की अपील की। इस अवसर पर गौरी शंकर कांडपाल, राजस्व इंस्पेक्टर नंदन सिंह नेगी, जगदीश जोशी, चंदन सिंह बिष्ट, प्रदीप सनवाल, लाल सिंह गंगोला, लक्ष्मण सिंह गंगोला, हर्षिता सनवाल, कमल पांडे, जीवन सिंह गंगोला आदि उपस्थित रहे।

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 44, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 14

अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 13

मुख्तार की मौत के 3 घंटे बाद बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- फोन करने वाले ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच
- धमकी देने वाले ने इस्तेमाल किया लैंडलाइन फोन, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने वाले ने लैंडलाइन फोन से कॉल की थी। करीब 14 सेकेंड की बातचीत में धमकाने वाले शख्स ने कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने तुरंत पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद शहर कोतवाली में अधीक्षक की ओर से तहरीर दी गई।

इस संबंध में अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले फोन नंबर की जांच कराई जा रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। वहीं कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से जांच हो रही है।

सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की

स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।

1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। कोर्ट में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

केजरीवाल ने कोषाध्यक्ष को किया भ्रमित : ईडी

ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करते थे। नायर से उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

एएसआई के सर्वेक्षण नतीजे पर अनुमति के बिना कार्रवाई न हो : कोर्ट

भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट का रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए।

हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित 11वीं सदी के भोजशाला परिसर पर अपना-अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा-अर्चना करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही पीट ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए, जिससे कि परिसर का चरित्र ही बदल जाए।

- हिंदू और मुस्लिम 11वीं सदी के परिसर पर जता रहे हैं अपना-अपना दावा
- 2003 में समझौते पर हिंदू मंगलवार को पूजा तो मुस्लिम शुक्रवार को पढ़ते हैं नमाज

ज्ञानवापी मामला : हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक नहीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

एक नजर

नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही।

आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। एक अप्रैल 2024 से कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

नोटा विकल्प संबंधी जनहित याचिका खारिज

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति आरएम जोशी की खंडपीठ ने 22 मार्च को एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में नोटा विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का आग्रह किया गया था।

शताब्दी एक्सप्रेस में महिला अधिकारी से लूटपाट

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर महिला सहायक अभियोजन अधिकारी के साथ हुई घटना

राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश की एक सहायक अभियोजन अधिकारी पर शताब्दी एक्सप्रेस में कथित तौर पर हमला किया गया और उनसे लूटपाट की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना 28 मार्च को रात करीब 10 बजे हुई, जब लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर थी। स्वाति मौर्य ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि मैं ट्रेन के सी-4 डिब्बे में दो नंबर सीट बैठी हुई थी, तभी एक व्यक्ति वहां आया और उसने मेरा बैग छीनने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जब मैंने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने मुझपर हमला कर दिया, जिससे मेरे बांय हाथ पर चोट आई। उसने मेरा बैग छीन लिया और वह चलती ट्रेन से कूद गया। मैं उस व्यक्ति को पहचान सकती हूं। प्राथमिकी के अनुसार, मौर्य ने 15,000 रुपये, विभिन्न आईडी कार्ड - पैन, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अभियोजक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, हीरे की चार अंगूठी, सोने के दो कंगन और कलाई घड़ी भी गवां दी।

बाबा तरसेम हत्याकांड : पंजाब, हरियाणा और शाहजहांपुर में पुलिस टीमों ने डाला डेरा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः बाबा तरसेम हत्याकांड में बंगाल और नेपाल के बाद एसटीएफ-एसओजी व पुलिस टीमों ने अब पंजाब, हरियाणा और शाहजहांपुर पर फोकस कर लिया है। एसटीएफ ने पीलीभीत व शाहजहांपुर क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। टीमें उनसे पूछताछ में जुटी हैं। सूत्र बताते हैं कि शूटर्स की आखिरी लोकेशन शाहजहांपुर के आसपास मिली है।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने के बाद हत्यारे अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह भाग गए थे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। फुटेज से दोनों शूटर्स की पहचान हुई। खोज में जुटी पुलिस टीमों ने खटीमा, पीलीभीत से बरेली हाईवे के टोल प्लाजा की सीसीटीवी खंगाली तो बाइक सवार हत्यारों की आखिरी लोकेशन शाहजहांपुर में देखी गई। आगे वाले टोल प्लाजा पर हत्यारों की कोई भी लोकेशन नहीं दिखी। बताते हैं कि बाबा के विरोधी कुछ लोग शाहजहांपुर में रहते हैं। यहां कई लोगों से पूछताछ की गई है।

- शाहजहांपुर निकली आखिरी लोकेशन, कई हिरासत में, पूछताछ में जुटी पुलिस

एसटीएफ और एसओजी ने शाहजहांपुर में डेरा डाल दिया है। वहां से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिन पर हत्यारों को पनाह देने का संदेह है। पुलिस का मानना है कि हत्यारे नेपाल, बंगाल नहीं, बल्कि शाहजहांपुर, पंजाब या फिर हरियाणा में छिपे हैं। इस पर कई कई टीमें पंजाब, हरियाणा पहुंच गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अफसर लगातार टीमों की मॉनीटरिंग में लगे हैं। हत्यारों की बाइक की भी तलाश हो रही है, क्योंकि वारदात के बाद शाहजहांपुर तक ही बाइक को देखा गया है। उधर, हत्या आरोपी सरबजीत बार-बार सोशल मीडिया में पोस्ट डाल रहा है।

अप्रैल-जून में अधिक गर्मी, मध्य और पश्चिम होंगे प्रभावित

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान अधिक गर्मी पड़ेगी और इसका मध्य एवं पश्चिमी भागों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का यह अनुमान ऐसे समय आया है जब देश 7 चरणों में होने वाले चुनाव की तैयारी कर रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य और पश्चिमी भारत में सबसे ज्यादा असर पड़ने का अनुमान है।

नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी।

- छुट्टियों में कोटा से आई थी घर, पढ़ाई को लेकर थी चिंतित

पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी। उसे घर वाले किसी भी तरह तनाव न लेने की सलाह देते थे। सोमवार सुबह छह बजे खुशी का शव चौथी मंजिल पर कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़ने के बाद जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

नई दिल्ली। एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाई थी।

सतर्कता | मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।

झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

5 साल में बनी सड़क, 3 माह में उखड़ गया डामर

जगह-जगह गड्ढे होने से गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, नहर की सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे से निकलने वाली 2.5 किलोमीटर सड़क का उपयोग लोग रामपुर रोड से जुड़ने के लिए करते हैं। इस सड़क की बात करें तो करीब 5 साल बाद इसका निर्माण हुआ। हैरानी है कि 11 सौ मीटर की सड़क 3 माह भी नहीं टिक पाई। कई जगह सड़क 50 मीटर तक गायब हो गई है। वहीं पूरी तरह से सड़क का निर्माण नहीं के चलते प्रेम विहार, प्रीत विहार, रामबाग और सीएमटी कॉलोनी के निवासियों के सामने परेशानियों का सबब बना हुआ है।

आंतरिक सड़कों में शामिल सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे से गुजरने वाली सड़क को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम ने लगभग 48 लाख रुपये की लागत से दिसंबर 2023 में बनाया था। करीब 11 सौ मीटर की सड़क का डामरीकरण हुआ, लेकिन 3 माह के अंदर ही सड़क का डामर उखड़ गया। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी 2 वर्षों के लिए ठेकेदार के पास है। सड़क पर जहां गड्ढा बना है उसे मरम्मत कराने के लिए संबंधित ठेकेदार को कहा गया है।

48 लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी नगर निगम की आंतरिक सड़क

11 सौ मीटर सड़क का हुआ था दिसंबर 2023 में डामरीकरण, अब बनी परेशानी का सबब

सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे की सड़क में टूटी पड़ी नहर की सुरक्षा दीवार व डामर उखड़ने से क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार

520 किमी सड़क में से 220 किमी हैं बदहाल

नगर निगम के पास शहर में 520 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें हैं। इसमें आंतरिक सड़कें मुख्य हैं। निगम न तो इनकी मरम्मत करा पा रहा है और न ही नई सड़कों का निर्माण करा पा रहा है। करीब 220 किलोमीटर की सड़कें बदहाल हैं। बनभूलपुरा, जज फार्म, जोशी विहार फेस-2, समता आश्रम गली, हिमालय फार्म समेत दर्जनों आंतरिक सड़कों को मरम्मत की दरकार है, लेकिन निगम बजट न होने का हवाला देता रहता है।

बोले अधिकारी

निगम की आंतरिक सड़कों को सुधारने के लिए बजट का अभाव है। इसे सुधारने के लिए निगम प्रयासरत है। नए वित्तीय वर्ष के तहत निगम की आंतरिक सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। **-विशाल मिश्रा**, नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

बोले लोग

लंबे समय के बाद 2.5 किलोमीटर सड़क में से 1 किमी सड़क का डामरीकरण हुआ था, लेकिन कुछ माह बीतने के बाद ही सड़क में कई जगह गड्ढे हो गये हैं।
-सत्य प्रकाश शर्मा, निवासी रामबाग

सड़क का उपयोग शार्टकट के रूप में रामपुर रोड से लिंक करने के लिए करते हैं, लेकिन कई दशक बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण पूरी तरह से नहीं कराया जा सका है। **-संजय दिवाकर**, निवासी प्रेम विहार

सड़क न बनने से समस्या बनी हुई है। कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों से लेकर निगम के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक निजात नहीं मिल पाई है।
-कमला मेहरा, निवासी प्रीत विहार

गायब स्पेयर पार्ट्स कबाड़ी से बरामद होने पर लोगों में रोष

गरमपानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित ऑटोमोबाइल की दुकान से 80 हजार रुपये के स्पेयर पार्ट्स गायब हो गए। खैरना क्षेत्र में कबाड़ का कार्य करने वाले के पास से कुछ पार्ट्स बरामद हुए। अब यह मामला तूल पकड़ गया है। व्यापारियों के अनुसार यदि सख्ती से जांच की जाए तो कई अन्य मामलों का खुलासा हो सकता है। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच में तेजी लाई जाएगी।

गरमपानी क्षेत्र में आटोमोबाइल की दुकान संचालित करने वाले नरेंद्र मेहरा के प्रतिष्ठान से कुछ दिन पहले मोटर पार्ट्स गायब हो गए। व्यापारी ने अपने स्तर से खोजबीन शुरू की तो लगभग बीस हजार रुपये के पार्ट्स खैरना चौराहे के समीप कबाड़ का कार्य करने वाले के पास बरामद हो गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं कबाड़ का कार्य करने वाले से पार्ट्स मिलने से स्थानीय व्यापारियों का पारा चढ़ गया। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, गोविन्द सिंह, मनीष तिवारी, महेंद्र सिंह, संजय सिंह, दीवान सिंह आदि मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

कांग्रेस प्रत्याशी ने हल्दूचौड़, लालकुआं व बिंदुखत्ता में खोला चुनाव कार्यालय

प्रचार

- क्षेत्र में किया जनसंपर्क, लोगों से मतदान की अपील
- शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने हल्दूचौड़, लालकुआं व बिंदुखत्ता में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान का आह्वान किया।

हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदेश ने कहा कि 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देकर देश में लोकतांत्रिक सरकार बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, समाजवादी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एसके राय, बिन्दुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, कुंदन सिंह मेहता, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र खनवाल, हरेंद्र बोरा, अमित बोरा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने बिंदुखत्ता और हल्दुचौड़ में भी चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रकाश जोशी ने बिंदुखत्ता स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बिन्दुखत्ता में जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी व अन्य ● अमृत विचार

मीना रावत ने कांग्रेस को कहा अलविदा

लालकुआं, अमृत विचार: लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी छोड़ने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले नगर कांग्रेस अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह, उसके बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंत और वरिष्ठ कांग्रेसी जीवन कबडवाल के बाद अब महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष मीना रावत ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया।

मीना रावत द्वारा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल को भेजे गए त्यागपत्र में कहा है कि वह महिला कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हैं। साथ ही महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट को भी उन्होंने त्यागपत्र की प्रति प्रेषित की है।

खैरना से भवाली तक लगा जाम, लोग परेशान

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा- हल्द्वानी हाईवे पर खैरना से भवाली तक लगभग 20 किलोमीटर का क्षेत्र वाहन चालकों व यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। रोजाना जगह जगह जाम से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जा रही है। आवाजाही कर रहे लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा, बावजूद व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। यातायात व्यवस्था दुरुस्त न होने पर व्यापारियों में भी नाराजगी है।

कुमाऊं की लाइफ लाइन के तौर पर पहचान रखने वाले महत्वपूर्ण अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर जाम एक बड़ी समस्या बन चुका है। रोजाना हजारों छोटे बड़े वाहन हाईवे पर आवाजाही करते हैं पर जगह जगह जाम लगने से वाहनों के पहिए थम रहे हैं। जाम के कारण हाईवे पर वाहनों की कतार लगने से कैंची धाम, खैरना बाजार क्षेत्र में पैदल आवाजाही करने वालों की जिंदगी पर भी खतरा बढ़ता ही जा रहा। कई जगह आपदा से ध्वस्त हाईवे पर वन वे आवाजाही व कैंची क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से पार्क किए जा रहे वाहन जाम का एक मुख्य कारण बन रहे हैं। जाम लगने से आवाजाही करने वाले यात्रियों को भी घंटों इंतजार को मजबूर होना पड़ रहा।

समस्या

- बाजार में पैदल आवाजाही करने वालों को भी हुई परेशान
- लगातार व्यवस्था बिगड़ने के बावजूद नहीं किए जा रहे उपाय

नेत्र शिविर के दौरान रोगियों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

नेत्र जांच शिविर में दवा और चश्मे वितरित

रामनगर, अमृत विचार : ग्राम ढिकुली पंचायत घर में हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली (पौड़ी) के द्वारा बाल कल्याण समिति ढिकुली के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में हंस फाउंडेशन की नेत्र विशेषज्ञ टीम की ओर से ढिकुली, गर्जिया लदुवा, सुंदरखाल, मोहान आदि क्षेत्र के अनेक लोगों की आंखों की जांच की गई। 40 वर्ष से अधिक उम्र के जरूरतमंद 81 लोगों को नि:शुल्क दवा एवं नजर के चश्मे प्रदान किए गए। सात लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन हंस अस्पताल सतपुली (पौड़ी) में किया जाएगा। शिविर में हंस फाउंडेशन के शिविर समन्वयक महेश नेगी, नेत्र चिकित्सक डॉ. अमित रावत, टीम सहायक दुर्गेश मैंदोला, समाजसेवी गणेश रावत, समाजसेवी जगदीश छिमवाल, बाल कल्याण समिति ढिकुली के अध्यक्ष इंजीनियर ललित मोहन छिमवाल, सचिव दिनेश चंद्र सिंह रावत, अखिलेश मैंदोला, भुवन छिमवाल, एनके नैनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं पर पथराव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद ने पूर्णागिरि मेले में जा रहे श्रद्धालुओं पर पथराव का विरोध किया है। उन्होंने पथराव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि बीती 30 मार्च को मां पूर्णागिरि मेले में जा रहे श्रद्धालुओं पर खटीमा में दूसरे सम्प्रदाय के लोगों ने पथराव किया और यात्रा बाधित करने की कोशिश की गई। इसमें कई श्रद्धालु चोटिल हो गए। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि अगर पूर्व में ऐसी घटना पर कार्रवाई हुई है तो उसे सार्वजनिक किया जाए।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पीयूष उपाध्याय, जिला सह मंत्री गिरीश पांडे, जिला गौ रक्षा प्रमुख नीरज मिश्रा, जिला सह संयोजक बजरंग दल अंकित पाल, नगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, नगर मंत्री विविन कांडपाल, नगर सह मंत्री दीपक पांडेय, सोनू बेलवाल, मयूर मेहरा, अमित, रोहित, कमल पाल, बृजपाल नेगी, संजीव, रोहित पलड़िया, अनिल पाल, रामू गुप्ता, राजू, विश्वजीत, अमृत, योगेश, मोहित, प्रदीप, संजय, रामवीर, शिवम, चंदन मौजूद रहे।

मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

गरमपानी, अमृत विचार : जीआइसी रातीघाट व ढोकाने में हुए कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बीके सिंह ने किया।

उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली नियती सुयाल, तनूजा नेगी, नेहा, गंगा, हिमांशु दानी, रक्षित जोशी, दिनेश कुमार को सम्मानित किया। एसएमसी अध्यक्ष तरुण कांडपाल व पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह छिमवाल ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। इधर जीआइसी रातीघाट में भी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने पर रितु बृजवासी, मीनाक्षी पांडे, अनिमेष खाती को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

हिमालयन क्रिकेट एकेडमी बनी विजेता

हल्द्वानी, अमृत विचार : कॉर्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में हिमालयन क्रिकेट एकेडमी देहरादून जीएनजी हल्द्वानी को 106 रन से हराकर विजेता बनी। सोमवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालयन क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 344 रन बनाये।

टीम के लिए अनय रावत ने 12 चौके की मदद से 75 रन का योगदान दिया। जवाब में जीएनजी की टीम 43वें ओवर में सभी विकेट खोकर 238 रन ही बना पाई। 106 रन से हिमालय एकेडमी विजेता बनी। हार्दिक राना को मैन ऑफ द मैच और कुशाग्र कोरंगा को फाइटर ऑफ द मैच दिया गया।

करोड़पति बनने के बाद अपने परिवार के साथ खुशी मनाता हरीश। ● अमृत विचार

ड्रीम 11 में राजमिस्त्री का बेटा बना करोड़पति

कालाढूंगी। कालाढूंगी के एक गरीब परिवार का लड़का रातों रात करोड़पति बन गया। कालाढूंगी के वार्ड नंबर दो निवासी कैलाश चंद्र आर्या जो राजमिस्त्री का काम करतें हैं उनके पुत्र हरीश चंद्र आर्या ड्रीम 11 पर टीम बनाई और वह करोड़पति बन गया। उसके पास एक करोड़ रुपये का मैसेज आते ही उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसकी किस्मत चमकते ही ड्रीम 11 ऐप की ओर से हरीश को सूचित किया गया, एक करोड़ रुपये जीतने की खबर से युवक हैरान हो गया। हरीश व उसके परिजनों ने बताया कि एक करोड़ रुपये जीतने के बाद पूरी रात उन्हें नीद नहीं आयी। सुबह होते ही उसके घर पर बधाई देने वालों की भीड़ लगने लगी। हरीश का कहना है कि वह पिछले कई सालों से ड्रीम 11 में क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेल रहा था। इस बार उसकी किस्मत चमकी और एक करोड़ रुपये जीत गया।

6 छात्र-छात्राओं का नवोदय में चयन

संवाददाता, रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी, गरमपानी

अमृत विचार : पीरूमदारा स्थित मेहरा पब्लिक स्कूल में चलाए जा रहे गुरुकुल कार्यक्रम के तहत स्कूल के कक्षा पांच के छात्र प्रिंस और छात्रा मानवी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास की है। छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता-पिता को दिया है। स्कूल के प्रबंधक कुबेर सिंह मेहरा, निदेशक पंकज सिंह मेहरा और स्टाफ ने मानवी और प्रिंस को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इधर, हल्द्वानी में भी राजकीय प्राथमिक विद्यालय विजयपुर के छात्र विराट सिंह का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश फुलारा, सहायक अध्यापक रमेश रौतेला, डिकर सिंह पडियार, सुमन बिष्ट, संतोष रौतेला, गीता अधिकारी, लीला, ज्योति, आशा नेगी ने विराट को बधाई दी है।

प्रिंस।

मानवी।

विराट सिंह।

सादिया सैफी।

वहीं, कालाढूंगी के अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल नयागांव की छात्रा सादिया सैफी का भी नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक टीना खन्ना, प्रधानाचार्य डा.एसआई खान, उप प्रधानाचार्य वंदना पलड़िया आदि ने सादिया को बधाई दी।

इधर, गरमपानी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमेल में कक्षा 5 में अध्ययनरत लक्षित पंत तथा हितेश सिंह रावत का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। ग्राम प्रधान पूजा फुलारा ने छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को देकर खुशी व्यक्त की।

सार-संक्षेप

मेधावी छात्रों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

वार्षिक परीक्षाफल घोषित, मेधावी सम्मानित

कालाढूंगी। नगर के सरस्वती शिशु मन्दिर में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि दीवान सिंह रावत सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य जीआईसी भीमताल व विशिष्ठ अतिथि विपिन पाडेण्य सेवानिवृत्त पर्यटन विभाग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान ऋषभ मेहरा ने 98.35% अंक प्राप्त किये, पूर्व प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान रुद्रांश सिंह रावत ने 99.22%अंक प्राप्त किये। शिशु बाटिका में प्रथम स्थान मिसका गुप्ता ने 98.6% अंक प्राप्त किये। दौरान विशिष्ट मुख्य अतिथि पूज्य महात्मा ज्ञान प्रभानंद हंस आश्रम कोटाबाग, सेवानिवृत्त कर्नल पृथ्वीराज सिंह बिष्ट, महेश चन्द्र जोशी, दीवान सिंह बिष्ट, राकेश भंडारी, प्रकाश नैनवाल, राम सिंह नेगी, भगवान सिंह कुमटिया, लक्ष्मण सिंह प्रधानाचार्य गणेश सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

जनता ने बनाया मोदी को फिर पीएम बनाने का मन

हल्द्वानी : भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा बहुमत से जीत हासिल करेगी। भाजपा संगठन के बल पर चुनाव में जीतेगी। जबकि कांग्रेस का संगठन पूरी तरह छिन्न भिन्न है। जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। नैनीताल संसदीय सीट पर भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट संसद पहुंचेंगे। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी का जमानत बचाने के लिए संघर्ष है। कांग्रेस के एक के बाद एक वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

स्वीप टीम ने दिलाई युवा मतदाताओं को शपथ

हल्द्वानी : पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप टीम ने हल्द्वानी व लालकुआं विधानसभा के कई शिक्षण संस्थानों व पुस्तकालयों में कार्यक्रम किए। स्वीप ब्लॉक कॉर्डिनेटर डॉ. सुरेश भट्ट ने युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती व बेहतर भविष्य के लिए युवा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करेंगे।

लोकेश को मिली रसजा फाउंडेशन छात्रवृत्ति

हल्द्वानी : स्वर संगम संगीत संस्थान के युवा कलाकार तबला वादक लोकेश जोशी को रसजा फाउंडेशन नई दिल्ली की प्रतिष्ठित जया अप्पासामी कला छात्रवृत्ति-2024 मिली है। स्व. जया अप्पासामी प्रसिद्ध कलाकार, लेखिका व शिक्षिका रही हैं। उन्होंने संस्कृति, कला, संगीत, थियेटर, मूर्ति कला इत्यादि के संरक्षण व उन्नयन के लिए रसजा फाउंडेशन के माध्यम से महत्वपूर्ण कार्य किए। लोकेश की उपलब्धि पर संगीत प्रेमियों व गुरुजनों ने उन्हें बधाई दी। तबला वादन में एमए व निपुण की उपाधि प्राप्त लोकेश जोशी पूर्व में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिष्ठित युवा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुके हैं।

सेवानिवृत्ति पर ज्ञान प्रकाश को दी विदाई

हल्द्वानी : उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में बुकिंग लिपिक के पद पर तैनात ज्ञान प्रकाश को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। एक कार्यक्रम में रोडवेज यूनियनों के सदस्यों व कर्मचारियों ने ज्ञान प्रकाश को सम्मानित कर विदाई दी। ज्ञान प्रकाश भवाली डिपो में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष व मंत्री पदों का दायित्व निभा चुके हैं। सेवानिवृत्ति पर उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में 35 वर्षों तक की गई सेवा का आंकलन कर पाना मुश्किल है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, प्रदीप शर्मा, महेश राणा, सुभाष मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

चोरों ने सिंचाई योजना के पाइप काट डाले

गरमपानी : चोरों ने घिरौली गांव की सिंचाई योजना के पाइप ही काट डाले। वहीं रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर स्थित दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया, हालांकि सफलता नहीं मिली। घिरौली गांव के किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने को वर्षों पूर्व बनी सिंचाई योजना के लोहे के पाइप ही चोरों ने मशीन के जरिए काटकर ठिकाने लगा दिए। सुबह जब गांव के लोग खेतों की ओर से गुजरे तो पाइप कटे देख सकते में आ गए। वहीं चोरों ने मुख्य सड़क पर एक दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

भव्य तरीके से मनाया जायेगा हिन्दू नववर्ष

कालाढूंगी : विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्राचीन शिव मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें हिंदू नववर्ष को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि कार्यकर्ता नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर ध्वज वितरण करेंगे। इसके लिए चंदन धरियाल को उपाध्यक्ष, जगत सामंत को सत्संग प्रमुख, भास्कर भट्ट को सेवा प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैठक में गिरिश पड़लिया, मोहन सिराडी, तेजू दिगारी, ताराचंद्र, चंद्र मोहन, सुमित सुयाल, नरेंद्र बिष्ट, शुभम, मुकेश, दीपू, रमेश जोशी, मोहित गोनियाल आदि मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शांतिपुरी ने यूपीसीएल को हराकर जीती ट्रॉफी

रामनगर : स्वर्गीय महेश चंद जोशी मैमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शांतिपुरी की टीम ने यूपीसीएल को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। शांतिपुरी ने यूपीसीएल को 25-21, 22-25, 25-18, 25-18 से पराजित किया। इसके अलावा स्थानीय स्तर की प्रतियोगिता के फाइनल में, गौजानी ने कानिया को 25-23, 23-25, 15-18 से शिकस्त दी। मुख्य अतिथि नितिन जोशी, किशन चंद्र जोशी, सांसद प्रतिनिधि इंद्र रावत, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर कहा कि खिलाड़ी बेहतर खेल कौशल से देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस दौरान आयोजकों में ललित सत्यवली, प्रमोद उप्रेती, राजेश पांडे, भारत भट्ट, केलाश तिवाड़ी, दीप करगेती मौजूद रहे।

बच्चों के साथ सोसाइटी के सदस्य व अन्य।

संस्था ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

हल्द्वानी : ममता एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने सोमवार को संस्था के अंतर्गत शिक्षा ले रहे निर्धन बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन-पेंसिल, जूते, ड्रेस आदि बांटी। संस्था की अध्यक्ष ममता बिष्ट ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। बताया कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन किये जाते हैं, जिससे गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से चल सके। बताया कि संस्था के गोरापड़ाव स्थित कार्यालय में सप्ताह में तीन दिन बच्चों को निशुल्क में पढ़ाया जाता है। जो भी छात्र-छात्राएं पढ़ना चाहते हैं, वह आकर पढ़ सकते हैं।



एक नजर

निखिल सोशल मीडिया कार्यकारी प्रभारी बने

हल्द्वानी : युवा कांग्रेस ने निखिल कुमार को प्रदेश सोशल मीडिया का कार्यकारी प्रभारी बनाया है। निखिल ने केंद्र व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, लोस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, हृदयेश कुमार, हेमंत साहू, मीमांशा आर्या, विशाल भोजक, गोविंद कश्यप, नीरज आगरी, राहुल पवार, प्रीती आर्या, सचिन राठौर, सोनू गुप्ता, प्रतीक चौधरी आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

राकेश व गीता बने प्रदेश मंत्री

हल्द्वानी : राकेश अग्रवाल (ऋषिकेश) और गीता चौहान (काशीपुर) को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश मंत्री बनाया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल और कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की संस्तुति से प्रदेश संगठन मंत्री राकेश व गीता को प्रदेश मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, सलाहकार समिति के एनसी तिवारी, दिनेश पंत, नवनीत राणा, रूपेंद्र नागर, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन और दिगंबर वर्मा ने बधाई दी है।

डीआईओ और भाजपा के लालकुआं मंडल अध्यक्ष को नोटिस जारी

हल्द्वानी : लालकुआं के सहायक निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) और भाजपा के लालकुआं मंडल अध्यक्ष को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि 48 घंटे में जवाब नहीं दिया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लालकुआं एआरओ परितोष वर्मा ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने शिकायत कर बताया कि लालकुआं में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर उत्तराखंड शासन के कैलेंडर बांट रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तस्वीरें हैं। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई है। आरोप लगाया कि यह आचार संहिता का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर जिला सूचना अधिकारी और भाजपा के लालकुआं मंडल अध्यक्ष को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है।

कक्षा एक में 6 वर्ष होने पर मिलेगा प्रवेश

हल्द्वानी : बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अब कक्षा एक में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष कर दी गई है। नए शिक्षा सत्र से यह नियम लागू हो गया है। इससे पहले कक्षा 1 में प्रवेश की न्यूनतम आयु 5 वर्ष थी। बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 38 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2011 में संशोधन कर नई नियमावली बनाई गई है।

मुद्दे...जिन्होंने 'माननीय' तो बनाए पर इस चुनाव में मुद्दे नहीं बन पाए

लोकसभा चुनाव-2024 में नैनीताल संसदीय सीट के लिए जरूरी विकास योजनाओं के मुद्दे राष्ट्रीय एजेंडे में दब गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 का बिगुल फुंक चुका है। हर दल अपने-अपने मुद्दे लेकर चुनावी समर में उतर गए हैं। किसी का मुद्दा हिन्दुत्व तो किसी का मुद्दा फासीवादी ताकतों को खत्म करना है। ऐसे मुद्दे जिन्होंने कई नेताओं को 'माननीय' बना दिया, इस चुनावी शोर में दब गए हैं। ये मुद्दे हैं जिनकी सीढ़ियां चढ़कर लोगों ने राजनीति शुरू की और विधायक-सांसद तक बन गए हैं।

नैनीताल संसदीय सीट के लिए जरूरी ये वे विकास योजनाएं हैं जिनका सकारात्मक असर सिर्फ एक सीट नहीं समूचे कुमाऊं पर होना है। इन योजनाओं के साकार होने पर जनता को बुनियादी जरूरतों रोजगार, पेयजल वगैरह से नहीं जूझना होगा। बावजूद इसके ये मुद्दे राजनैतिक दलों के और निर्दलीय उम्मीदवारों की मुद्दों की फेहरिस्त में शामिल नहीं हैं। यदि जगह मिली भी है तो सबसे निचले पायदान पर। हां जब इन मुद्दों की सरकारी कार्यवाही में फाइल आगे बढ़ती है तो श्रेय लेने वालों की होड़ मच जाती है।

जमरानी बांध

वर्ष 1975-76 में जब जमरानी बांध का शिलान्यास किया गया था तब इसकी लागत 61.25 करोड़ थी। 48 साल में इसकी लागत लगभग 62 गुना बढ़कर 3808 करोड़ हो गई है, लेकिन यह योजना अभी तक कागजों में ही दौड़ रही है। हल्द्वानी के लिए सबसे जरूरी इस बांध के बनने से पानी और बिजली किल्लत से छुटकारा मिलेगा। केंद्र सरकार ने भी इस योजना को पीएम कृषि सिंचाई योजना में मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट में 1557 करोड़ केंद्र सरकार देगी, जबकि शेष राज्य सरकार को देना होगा। पिछले पांच दशकों में चुनावी मुद्दा बना जमरानी बांध आम चुनाव में साकार नहीं हो सका है। वर्तमान में आचार संहिता लागू होने की वजह से डैम की निविदाएं नहीं हो सकी हैं।

आईएसबीटी

कुमाऊं में आने वाले पर्यटकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परिवहन सुविधाएं मुहैया कराने के मकसद से तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2016 में गौलापार में आईएसबीटी की नींव रखी थी। इसका मकसद हल्द्वानी शहर को जाम के झाम से बचाना, रोजगार के नए अवसर पैदा करना, राज्य का राजस्व वृद्धि था। बाद में जहां इसकी नींव रखी गई, वहां की जमीन में कब्र निकलने और वर्ष 2017 में सत्ता बदलने के बाद यह प्रोजेक्ट भी खटाई में पड़ गया। लगभग 8 साल बाद आईएसबीटी बनाने के लिए सरकार जमीन तक नहीं तलाश सकी है। हालांकि मुक्त विवि के समीप जमीन तलाशी गई है, लेकिन वन भूमि हस्तांतरण नहीं हो सकी है। इस वजह से आईएसबीटी अभी भी सिर्फ वादों-दावों में ही दिखाई देता है।

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम

गौलापार में 30.20 हेक्टेयर वन भूमि पर 225 करोड़ से बने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की नींव 9 नवंबर 2014 को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रखी थी। 18 दिसंबर 2016 को स्टेडियम में क्रिकेट ग्राउंड का शुभारंभ हुआ। इस स्टेडियम का मकसद था कि सिर्फ नैनीताल जनपद नहीं, बल्कि कुमाऊं भर की खेल प्रतिभाओं को तराशा जाएगा, लेकिन यह स्टेडियम कोविड-19 का क्वारंटाइन सेंटर बन गया। जहां खेल होने थे, वहां कोविड-19 रोकने को इस्तेमाल हुआ उपकरणों का कबाड़ रखा है। वर्ष 2016 में अंतर्राष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली की फाइट के अतिरिक्त आज तक 8 सालों बाद एक भी बड़ा आयोजन नहीं हो सका। इस साल राष्ट्रीय खेल भी प्रस्तावित है फिर भी बुनियादी सुविधाओं नहीं जुटा जा सके। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी खेल विवि बनाने की घोषणा की थी बावजूद इसके स्थिति जस की तस है।

बंगाल के चक्रवात का उत्तराखंड में भी असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बंगाल के चक्रवात का उत्तराखंड में भी असर दिखा है। सोमवार को अपरान्ह बाद अचानक मौसम बदल गया और नमी भरी तेज हवाएं चलने लगीं। जिससे तापमान में भी गिरावट आई है।

हल्द्वानी सहित आसपास के मैदानी इलाकों में तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से गर्मी पड़ रही थी। हालांकि सोमवार को मौसम परिवर्तन की वजह से तापमान में कमी रही। पश्चिम बंगाल में आये चक्रवात का असर उत्तराखंड में भी पड़ा। तेज हवाओं ने उत्तराखंड की ओर रूख कर लिया। हवाओं में नमी होने की वजह से तापमान में गिरावट आई। लोगों को गर्मी से राहत मिली। साथ ही बादल भी छाए रहे।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा और एक बार फिर से गर्मी पड़ने लगेगी। दो और तीन अप्रैल को गर्म हवाएं चलने के आसार हैं।

मौसम

- तेज पूर्वी हवाएं चलीं, तापमान में आई कमी
- आज और कल गर्म हवाएं चलने के आसार

पश्चिम बंगाल में आये चक्रवात की वजह से उत्तराखंड में पूर्व से नमी भरी तेज हवाएं चली हैं। इसका असर मौसम परिवर्तन के तौर पर देखने को मिला है। **-डॉ. आरके सिंह,** मौसम वैज्ञानिक जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर

इधर, हल्द्वानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

मार्च में गर्मी ने तोड़ा सात साल का रिकॉर्ड

हल्द्वानी : 31 मार्च को हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री दर्ज किया गया था। इससे पहले साल 2017 में 30 मार्च को अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री दर्ज किया गया था। साल 2024 में मार्च में गर्मी ने सात साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

शराब ठेकों के आवंटन में घोटाला डीएम ने दिए जांच करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शराब ठेकों के आवंटन में घोटाले का मामला सामने आया है। मामले में डीएम से शिकायत की गई है और शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने न सिर्फ जांच के आदेश दिए हैं, बल्कि जिला आबकारी अधिकारी को दो दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।

बता दें कि जिले में शराब की 9 दुकानें हैं। जिसमें तिकोनिया स्थित विदेशी शराब, रेलवे स्टेशन रोड में देसी शराब, नैनीताल रोड में देसी शराब, लालकुआं में देसी शराब, रामपुर रोड में देसी शराब, खैरना में देसी शराब, बेतालघाट में देसी शराब, बैलपड़ाव में देसी शराब और नैनीताल रोड नंबर दो हल्द्वानी में देसी शराब की दुकान है।

मामला

- टेंडर बॉक्स को सीसीटीवी की निगरानी में न रखने का है आरोप
- जिला आबकारी अधिकारी से दो दिन में मांगी रिपोर्ट

शिकायतकर्ता गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी ने कहा कि उक्त दुकानें टेंडर प्रक्रिया के जरिये आवंटित की जानी है। आवंटन के लिए टेंडर 30 मार्च दोपहर दो बजे तक लिए गए। जिसे बाद में संसोधित किया गया और टेंडर 31 मार्च दोपहर एक बजे तक लिए गए। सीलबंद बॉक्स में टेंडर जिला आबकारी अधिकारी हल्द्वानी के कार्यालय में डाले गए, लेकिन पारदर्शिता का ख्याल नहीं रखा गया। टेंडर प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी और रिकार्डिंग में होनी थी।

आरोप है कि टेंडर के दौरान सीसीटीवी को बंद किया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने मामले में सीडीओ को जांच के आदेश दिए और दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इधर, जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी से बात की गई तो उन्होंने सारे आरोपों को खारिज कर दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : बरेली रोड पर हुए हादसे में घायल बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी स्कूटी सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तहरीर में हरिपुर केशव पोस्ट अर्जुनपुर निवासी रवि प्रकाश पुत्र प्रकाश राम ने कहा कि बीती 26 मार्च को उनका बेटा रोहित अपनी बाइक से बाजार की ओर जा रहा था। बरेली रोड नागपाल शोरूम पुरानी आईटीआई के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आए स्कूटी सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रोहित की मौत हो गई। रवि की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : व्यय प्रेक्षक टी संकर ने सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में जिला कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, व्यय लेखा और स्वीप कक्ष का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक टी संकर ने कंट्रोल रूम में निर्वाचन संबंधी शिकायतों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम को जो भी सूचनाएं व शिकायतें प्राप्त हों उनका त्वरित पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से निस्तारण किया जाए। इसके बाद उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) कक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने मॉनिटरिंग कर रहे सदस्यों से कार्यों की जानकारी ली और निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य के लिए मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी दायित्वों का निर्वहन सजगता से करें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, नोडल अधिकारी एमसीएमसी शिवचरण द्विवेदी, नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अनीता आर्या, कोषाधिकारी सुनीता जोशी रहे।

कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक टी संकर। ● अमृत विचार

इस ग्रीष्मकाल में दमकल महिलाएं संभालेंगी मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राज्य में पहली बार दमकल का हिस्सा बनीं महिलाएं दिन के उजाले में अपना दमखम दिखा चुकी हैं। अब यही महिलाएं रात की घटनाओं में अग्रिम पंक्ति में दिखाई देंगी। ग्रीष्मकाल में होने वाली आग की घटनाओं को देखते हुए दमकल ने कमर कस ली है।

बता दें कि पिछले साल जिले में अग्निकांड के 275 मामले सामने आए थे। तब दमकल के पास कोई महिला दमकल कर्मी नहीं थी। अभी तक दमकल सिर्फ पुरुषों के हवाले था। सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व हीरानगर वीनस शोरूम में आग लगी थी और नई महिला दमकल कर्मियों ने यहां बहुत अच्छा काम किया था। उन्होंने बताया जिला अग्निशमन विभाग से हल्द्वानी, भीमताल, लालकुआं और नैनीताल तीन तहसीलों में दमकल कार्यालय संचालित किए जाते हैं। कार्यालयों में उपलब्ध वाटर टेंडरों, वाहनों और उपकरणों का सर्वेक्षण शुरू हो चुका है। सीएफओ ने बताया कि रात के समय होने वाली घटनाओं के दौरान लाइट के इंतजाम सहित अन्य आधुनिक उपकरणों की मांग भी की गई है।

तैयारी

- पहली बार दमकल में शामिल महिलाएं पहली पंक्ति के मोर्चे पर
- दिन में आग बुझाने के बाद अब रात्रि मिशन भी संभालेंगी

राज्यपाल गुरमीत आज से जनपद भ्रमण पर

नैनीताल, अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह आज से दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि राज्यपाल 2 अप्रैल को सायं 4 बजे जीटीसी हेलीपैड देहरादून से उड़ान भरकर सायं 5 बजे जीटीसी हेलीपैड कैलाखान पहुंचेंगे। 5:10 बजे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे तथा रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। 3 अप्रैल को सुबह 7 बजे गोल्फ कोर्स राजभवन में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 11 से 12 बजे के बीच अधिकारियों से वार्ता करेंगे। दोपहर 3:50 बजे कैलाखान से देहरादून को रवाना होंगे।

शराब और स्मैक के साथ 9 लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अंग्रेजी व देसी शराब के 2010 पव्वे और 505.67 ग्राम चरस बरामद हुई है।

हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने अनूप जायसवाल से 1104 देसी और 42 अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किए हैं। मंडी चौकी पुलिस ने बनभूलपुरा निवासी मुन्ना लाल से देसी शराब के 546 पव्वे पकड़े हैं। बनभूलपुरा पुलिस ने राजपुरा निवासी बुद्ध बाल्मिकी से देसी शराब के 96 पव्वे और गांधीनगर वार्ड 27 निवासी सोनू सागर से 22.30 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसके अलावा चोरगलिया पुलिस ने मानपुर रामपुर निवासी किशन कश्यप से 200.74 ग्राम, पीलीभीत निवासी सुमित गंगवार से 300.7 ग्राम स्मैक बरामद की है। मुखानी पुलिस ने बबियाड़ मुक्तेश्वर निवासी गणेश पोखरिया से 96 पव्वे देसी शराब बरामद की है। भीमताल पुलिस ने सांगुड़ी निवासी अजय कुमार से 96 पव्वे देसी शराब जब्त की है। वहीं कालाढूंगी पुलिस ने गोबरा बाजपुर निवासी बिट्टू सिंह से 150 लीटर कच्ची खाम बरामद की है।

हिरासत में तस्कर और बरामद शराब।

घर के बाहर स्मैक बेचती महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी : मुखानी थाना पुलिस ने घर के बाहर स्मैक बेच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। मुखानी थाने की एसआई रजनी आर्या, हेड कां. भगवती बिष्ट और एएनटीएफ टीम के कां. नवीन कुमार और कां. अरविंद कार्की ने लालडांठ तल्ली बमौरी निवासी अंजू आर्या पत्नी संजय आर्या को गिरफ्तार किया है। अंजू के पास से 11.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पूछताछ में बताया कि उसका पति संजू उर्फ संजय उसे स्मैक लाकर देता था और वह घर में उस स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाती थी। जिसके बाद उन्हें ग्राहकों को बेच देती थी। पुलिस ने अंजू के पास से बिक्री के 13 सौ रुपये और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मामले में संजू की तलाश की जा रही है।

बीड़ी के बंडल से हो रही स्मैक तस्करी

हल्द्वानी : तस्करों ने स्मैक तस्करी का नया तरीका निकाला है। एसआई मनोज कुमार और उनकी टीम ने पूर्वी खेड़ा स्थित बस पार्किंग सुल्ताननगरी गौलापार निवासी अभिजीत कुमार पुत्र अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से बीड़ी का बंडल और अखबार की पुड़िया मिली। बंडल खोला तो बीड़ी के अंदर से स्मैक बरामद हुई। पूछने बताया कि वह स्मैक गौलापार के आशु कार्की से लाया था। उसके पास से 12.01 स्मैक ग्राम बरामद की गई है।

बरतें सावधानी | जनपद में अब तक टाइफाइड के 27 और डायरिया के सात मरीज मिले, हल्द्वानी के हैं सबसे अधिक मरीज

गर्मी ने दी दस्तक, बढ़ने लगे टाइफाइड और डायरिया के मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गर्मी की दस्तक से बीमारियां भी अपना प्रकोप दिखाने लगी हैं। जनपद के सरकारी और निजी अस्पतालों में इन दिनों रोजाना टाइफाइड और डायरिया के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जिले में टाइफाइड के रोगियों की संख्या अब तक दो दर्जन के पार हो गई है। वहीं डायरिया ने भी डराना शुरू कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार होली के बाद टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिले में अब तक 27 मरीजों में टाइफाइड की पुष्टि हुई है। टाइफाइड आंत से जुड़ी बीमारी है। इसमें रोगी को तेज बुखार आता है। यह बुखार काफी दिनों तक भी रह सकता है। उपचार के लिए एंटीबायोटिक्स दवाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है। डायरिया के भी अभी तक सात मरीज मिल चुके हैं। डायरिया में पेट खराब होता है। साथ ही बुखार और उल्टी की शिकायत भी रहती है। डायरिया का ज्यादा असर होने पर मरीज को अस्पताल में भर्ती करने तक की नौबत आ जाती है। फिलहाल नैनीताल जिले में डायरिया और टाइफाइड के मिले मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या हल्द्वानी की है।

टाइफाइड के लक्षण

टाइफाइड के प्रारंभिक लक्षणों में बुखार और पेट दर्द शामिल है। रोग के बिगड़ने पर तेज बुखार और दस्त होते हैं। कुछ लोगों के पेट और छाती पर छोटे लाल धब्बे होते हैं।

डायरिया के लक्षण

डायरिया की प्रमुख पहचान दस्त आना है। साथ ही पेशाब कम आने लगती है और प्यास बहुत लगती है। डायरिया में बुखार भी आ सकता है।

दूषित खाना और पानी पीने से करें परहेज

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार डायरिया और टाइफाइड दूषित खान-पान की वजह से होते हैं। टाइफाइड का प्रमुख कारण ही दूषित पानी पीना है। दोनों ही बीमारियों से बचने के लिए बाहर के खाने से परहेज करना चाहिए। घर में ज्यादा तला-भुना, मसालेदार भोजन से परहेज करना चाहिए।

गर्मी के मौसम में डायरिया और टाइफाइड जैसे रोगों से बचने के लिए विशेष तौर पर खान-पान संबंधी आदतों में सुधार लाना होगा। जंक और फास्ट फूड जैसे भोजन का सेवन न करें और साफ पानी ही पियें।
-डॉ. मनोज कांडपाल, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, हल्द्वानी

जिले में डायरिया और टाइफाइड ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। लोग अभी से फ्रिज में रखा पानी पी रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है। साथ ही बाहर का खान-पान से परहेज करें।
- एनके कांडपाल, जिला संक्रामक रोग विश्लेषक, नैनीताल

नई चौकी और नए थाने, संसाधन अधूरे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजस्व क्षेत्रों में नए थाने और चौकियां तो खुल गई हैं, लेकिन संसाधन अब भी शून्य हैं। आलम यह है कि नए थाने और चौकियों में तैनात पुलिस कर्मियों के पास सरकारी वाहन तक नहीं हैं। कई स्थानों पर तो नेटवर्क की भी समस्या है।

वर्ष 2023 में राज्य में छह थाने और 20 पुलिस चौकियां खोली गई थीं। नैनीताल जिले की बात करें तो यहां एक थाना और चार चौकियां खोली गई थीं। जिसमें खनस्यूं में थाना और ओखलकांडा, धानाचूली, हैड़ाखान व धारी में पुलिस चौकी बनाई गई थी। यहां राजस्व पुलिस के भवनों को ही रेग्युलर पुलिस चौकियों व थानों में तब्दील कर दिया गया। भवनों को वायरलेस से तो लैस कर दिया गया, लेकिन इंटरनेट की सुविधा पूरी तरह उपलब्ध नहीं हो पाई। न तो थानेदारों को सीयूजी नंबर (क्लोज यूजर ग्रुप नंबर) जारी किए जा सका है और न ही अन्य संसाधन। आलम यह है कि कुमाऊं में खुले नए थानों को अभी तक सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) से भी नहीं जोड़ा जा सका है। चौकी और थाने के सिपाही अपने निजी वाहनों से ही गश्त कर रहे हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि समय के साथ व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।

राज्य में इन थाने, चौकियों के अधीन इतने गांव

देहरादून में खोली गई एक चौकी के अधीन 14 गांव, पौड़ी के 1 थाना व 1 चौकी के अधीन 270 गांव, टिहरी के 1 थाना व 3 चौकी के अधीन 267 गांव, चमोली के 1 थाना व 3 चौकी के अधीन 120 गांव, रूद्रप्रयाग के 2 चौकी के अधीन 104 गांव, उत्तरकाशी के 2 चौकी के अधीन 47 गांव, नैनीताल के 1 थाना व 4 चौकी के अधीन 121 गांव, अल्मोड़ा के 2 थाना व 3 चौकी के अधीन 398 गांव और चम्पावत के 1 चौकी के कुल 103 गांव हैं।

हालात

- नई चौकियों और थानों के पास अपनी इमारत तक नहीं
- सीसीटीएनएस से नहीं जुड़े थाने, सीयूजी नंबर जारी नहीं

विशाल पंडाल से आज गरजेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल में पंडाल को आखिरी रूप देते कारीगर। ● अमृत विचार

50 हजार कुर्सियां पंडाल में लगाई गई हैं, भारी जनसैलाब के आने की आशंका, कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण

80 फीट का बनाया गया है डी, प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर के अलावा जवानों की ओर से भी तलाशी ली जाएगी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई के सामने मैदान में मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पिछले चुनावी समर की अपेक्षा इस बार लोकसभा जनसभा के लिए पीएम मोदी का पंडाल विशाल बनाया गया है। साथ ही हजारों लोगों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था भी की गई है।

सोमवार की सुबह से ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के अलावा भाजपा कार्यकर्ता मोदी मैदान में मोदी की जनसभा की तैयारियों में जुटे रहे। देर रात तक पीएम मोदी के लिए मंच निर्माण समेत कार्यक्रम स्थल की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गईं। दोपहर के समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल में सफाई अभियान चला कर प्रांगण को साफ सुथरा किया। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी कार्यक्रम की सुरक्षा का खाका तैयार किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल के संयोजक निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि पीएम की जनसभा का पंडाल 60 बाय 52 का है। साथ ही पूरा पंडाल स्टील की मजबूत राड से बनाया जा रहा है।

वहीं सुरक्षा घेरा डी को 80 फीट रखा गया है, जो एसपीजी की सुरक्षा घेरे में रहेगा। इसके अलावा भारी जनसैलाब के आने की संभावना को देखते हुए फिलहाल 50 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। भीड़ ज्यादा आने पर और व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं के लिए चार प्रवेश द्वार बनाए गए हैं और मुख्य पंडाल के पीछे एक ही प्रवेश द्वार रहेगा। इन सभी प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर के अलावा जवानों द्वारा तलाशी ली जाएगी।

एक नजर

बरेली एयरपोर्ट पर रुद्रपुर के लिए प्रधानमंत्री मोदी का चेंजओवर आज

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपराह्न 11.20 बजे बरेली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां चेंजओवर कर वह रुद्रपुर उत्तराखंड जाएंगे। इसकी वजह से एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है और एसपीजी ने डेरा डाल दिया है। सोमवार को डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभार ने एयरपोर्ट पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जायजा लिया और संबंधित को निर्देश दिए।

प्रशासनिक अफसरों के मुताबिक प्रधानमंत्री दिल्ली से 10:35 बजे रवाना होंगे। वह 11:20 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पांच मिनट के चेंजओवर के बाद 11:25 बजे रुद्रपुर के लिए उड़ान भरेंगे। इसके बाद वापसी में 1:25 बजे बरेली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और 1.30 बजे यहां से राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से दो घंटे पहले ही पुलिस फोर्स और अधिकारियों की ड्यूटी लग जाएगी। करीब चार घंटे तक एयरपोर्ट का इलाका छावनी में रहेगा।

पहली बार सुरक्षा पर एनएसजी एंटी ड्रोन टीम भी रखेगी नजर

सतर्कता

- रुद्रपुर और किच्छा विधानसभा क्षेत्र रहेगा ड्रोन जोन में शामिल
- कार्यक्रम स्थल से लेकर हेलीपैड तक की सुरक्षा एसपीजी के मानकों के अनुसार रहेगी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को रुद्रपुर में होनी वाली चुनावी जनसभा को लेकर पहली बार एनएसजी की एंटी ड्रोन टीम इलाके पर नजर रखेगी। पूरा कार्यक्रम स्थल एनएसजी के हवाले रहेगा। साथ ही रुद्रपुर और किच्छा विधानसभा को ड्रोन जोन में रखा गया है।

मंगलवार को किच्छा बाईपास स्थित मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा होगी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल से लेकर हेलीपैड तक की सुरक्षा एसपीजी के मानकों के अनुसार रहेगी। कार्यक्रम स्थल के दो मीटर के दायरे में एसपीजी की सुरक्षा रहेगी। इसके अलावा पहली बार एनएसजी की एंटी ड्रोन टीम भी इलाके में अपनी निगरानी रखेगी। इसके अलावा पुलिस प्रशासन द्वारा नौ ड्रोन कैमरे रुद्रपुर और किच्छा इलाके में उड़ाए जाएंगे जो लगातार वीडियो बनाकर कंट्रोल रूम को भेजते रहेंगे। एसएसपी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी जनसभा को लेकर पांच एसपी, 12 एसपी, 18 सीओ, पांच कंपनी पीएसी के अलावा क्यूआरटी, एटीएस सहित पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। पीएम मोदी की सुरक्षा की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है और पुलिस प्रशासन हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल को जाने वाले मार्ग के अलावा मुख्य मार्ग को जीरो जोन में घोषित करेगी।

यातायात को रोककर रिहर्सल करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

संपर्क मार्गों पर की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

संपर्क मार्गों पर की गई किलेबंद बैरिकेडिंग

रुद्रपुर : पुलिस लाइन स्थित बने हेलीपैड से लेकर किच्छा बाईपास मार्ग स्थित कार्यक्रम स्थल तक के संपर्क मार्ग पर किलेबंद बैरिकेडिंग लगाकर आवाजाही को रोका जाएगा। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि पीएम मोदी के काफिले की आवाजाही में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या बाधा नहीं हो, इसके लिए संपर्क मार्ग को बैरिकेडिंग और पुलिस बल तैनात कर आवाजाही को रोका जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति के बाद ही मार्ग को खोला जाएगा।

हाईवे को चमकाया

रुद्रपुर। पीएम मोदी की जनसभा को लेकर पीएम मोदी के आवाजाही मार्ग नैनीताल हाईवे के डिवाइडर पर रंगाई पुताई कर चमका दिया गया है। इसके अलावा फुटपाथ पर मिट्टी डालकर सुंदर बनाया गया। हाईवे पर बने गड्ढों को भर दिया गया है। हाईवे के दोनों ओर भाजपा के झंडे और फ्लेक्सियों से शहर पट गया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरा पुत्र अनीस गौतम जो कि कोई काम धंधा नहीं करता है। आये दिन मुझसे पैसे की मांग कर परेशान करता है। अतः मैं अपने पुत्र अनीष गौतम को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। भविष्य में मेरा अपने पुत्र अनीष गौतम से किसी तरह कोई लेन-देन या सम्बन्ध नहीं रहा। अब वह अपने कृत्यों एवं लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। - **अशोक कुमार आर्य पुत्र श्री राम लाल, निवासी थल, हाल निवासी बरेली रोड, हल्द्वानी।**

आवश्कता है
मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवकों की।
वेतन योग्यतानुसार
A.S. GENERATOR SERVICE CENTRE
Authorized Dealer Escorts Kubota Limited
Kashipur Bus Stand, Joshi Wali Gali, Gandhi Asharam Road, Kashipur, U. S. Nagar, Uttarakhand-244713
M : +91-9625342048 7455893972
asgeneratorservicecentre@gmail.com

कार्यक्रम को लेकर बनाए गए पार्किंग स्थल

रुद्रपुर, अमृत विचार : पीएम मोदी की जनसभा को लेकर यातायात एवं पार्किंग स्थल को चिह्नित कर लिया गया है। जारी चार्ट के अनुसार अल्मोड़ा, नैनीताल, हल्द्वानी से आने वाली बसों को डीडी चौक पर रोका जाएगा और बसों को विकास भवन होते हुए मंडी पार्किंग में खड़ा किया जाएगा। इसके अलावा अल्मोड़ा, नैनीताल, हल्द्वानी से आने छोटे वाहनों के लिए सिंचाई विभाग एवं पुलिस लाइन प्रांगण में खड़ा किया जाएगा। काशीपुर, जसपुर, बाजपुर एवं रामपुर से वाली बसों की पार्किंग व्यवस्था गांधी पार्क मैदान और आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज मैदान में बनाई गई है। काशीपुर, जसपुर, बाजपुर एवं रामपुर से आने वाले छोटे वाहन गांधी पार्क मैदान के बाहर खाली जगह में लगाए जाएंगे। पिथौरागढ़, चंपावत, खटीमा, किच्छा की बसों को एफसीआई मैदान में खड़ा किया जाएगा। पिथौरागढ़, चंपावत, खटीमा, किच्छा की ओर से आने वाले छोटे वाहनों को आंचल दुग्ध डेरी के पास खाली यार्ड में खड़ा किया जाएगा।

रुद्रपुर पहुंचे एडीजी लॉ एंड आर्डर, ब्रीफिंग कर दिए आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पीएम मोदी की चुनावी जनसभा को लेकर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर रुद्रपुर पहुंचे और अधीनस्थों के साथ बैठक कर पीएम ड्यूटी में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ब्रीफिंग की। उन्होंने पीएम की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर ज्यादा फोकस करने का आदेश दिया।

सोमवार को एडीजी लॉ एंड आर्डर एपी अंशुमन अधीनस्थों के साथ पुलिस लाइन प्रांगण पहुंचे और पीएम मोदी की ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा करना और उसे शांतिपूर्वक संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है।

ब्रीफिंग के दौरान मंचासीन एडीजी लॉ एंड आर्डर, आईजी विजिलेंस व अन्य अधिकारी।

तैयारी

- पीएम मोदी की ड्यूटी को लेकर किया अलर्ट
- सुरक्षा-यातायात पर फोकस करने का दिया आदेश

सभी तैनात पुलिस कर्मी ड्यूटी के प्रति संवेदनशील रहें और वीवीआईपी के सुरक्षा मापदंडों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें। आदेशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार का हैंडबैग और अन्य प्रतिबंधित सामग्री पूर्णतया प्रतिबंध रहेगी।

उन्होंने कहा कि वीवीआईपी आवाजाही मार्ग पर भी किसी भी प्रकार का हैंडबैग प्रतिबंध रहेगा। कार्यक्रम स्थल एसपीजी की सुरक्षा घेरे में रहेगा और पंडाल के बाहरी हिस्सों की सुरक्षा पैरामिलिट्री, पीएसी और पुलिस के जवानों की रहेगी। इस मौके पर आईजी विजिलेंस केकेवीके, डीआईजी कुमाऊं योगेंद्र रावत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सेनानायक 46 पीएसी पंकज भट्ट, सेनानायक 31 पीएसी प्रीति प्रियदर्शनी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, आईपीएस प्रशिक्षु निहारिका तोमर, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

उत्साह मुख्यमंत्री धामी ने की पत्रकारों से वार्ता, कहा-इस बार पांचों सीटों पर होगी भाजपा की जीत

पीएम मोदी का उत्तराखंड से है विशेष लगाव : धामी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड और यहां की जनता से बेहद लगाव है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड में रुद्रपुर से चुनावी जनसभा का आगाज करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज कर रही है और पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

सोमवार को यह बात मुख्यमंत्री धामी नैनीताल रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के समय तत्कालीन अटल बिहारी बाजपेयी ने उत्तराखंड को 10 साल का औद्योगिक पैकेज दिया था। लेकिन यूपीए की सरकार ने इस पैकेज को हटा दिया। इससे राज्य में विकास की गति रुक गई। वर्ष 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद राज्य में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों देहरादून में इन्वेस्टर्स समिट हुआ। इसमें करीब 3 लाख 54 हजार करोड़ के निवेश पर देशी-विदेशी कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसमें 2181 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग का काम शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के आने से युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। इसके अलावा पहाड़ों में युवाओं को रोजगार देने के लिए 20 हजार से ज्यादा पॉलीहाउस बनाये जा रहे हैं। किच्छा में एम्स के लिए 100 एकड़ जमीन राज्य सरकार ने भारत सरकार को हस्तांतरित कर दी है। इसके अलावा हल्द्वानी में दो हजार करोड़ रुपये खर्च होने हैं। पंतनगर एयरपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने के लिए 800 एकड़ जमीन भारत सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है। आने वाले समय पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान के साथ नाइट उड़ान भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा कई अन्य विकास कार्य होने हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा, विवेक सक्सेना, मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

खटीमा और झनकट से बड़ी संख्या में पहुंचेंगे कार्यकर्ता

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी की बैठक में लोकसभा सीट पर ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कमर कसने का आह्वान किया गया। बनकटिया में विधानसभा विस्तारक आलोक तिवारी ने बूथों का सत्यापन किया। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ.नवीन भट्ट, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री संतोष चंद, गणेश चौसाली, अध्यक्ष नरेश चंद, दशरथ चंद, गणेश खोलिया मौजूद थे। इधर भाजपा झनकट मंडल की बैठक में तय किया गया कि नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र से करीब सात हजार कार्यकर्ता 80 बसों व सौ छोटे वाहनों से रुद्रपुर जाएंगे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार लापता

काशीपुर : संदिग्ध परिस्थितियों में एक दुकानदार लापता हो गया। दुकानदार के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। आवास विकास गली नं. दो पुष्प विहार कॉलोनी निवासी जतिन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 29 मार्च को रोजाना की भांति उसके 55 वर्षीय पिता प्रकाश चन्द्र यादव अपनी एमपी चौक स्थित रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर गये थे और रात्रि में करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर नहीं पहुंचे। इसके बाद उनकी तमाम संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

प्रकाश चंद्र यादव।

तीन ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने तीन ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने टीम के साथ गश्त के दौरान कटोराताल स्थित छावनी ग्राउंड के पास से शिवनगर, रुद्रपुर निवासी गौरव सागर उर्फ जमुरा को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने तीन ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह खुद भी स्मैक के नशे का आदी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

अवैध शराब बेचते तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनका पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुण्डेश्वरी चौकी पुलिस ने जगतपुर तिराहे से यहीं के निवासी गुरमुख सिंह उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं पुलिस ने गांधीनगर खत्तो को जाने वाली कच्ची सड़क से यहीं के निवासी जसवीर सिंह उर्फ देसा को भी गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने शुगर मिल रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास बैठकर शराब बेचते संजय कुमार निवासी आवास विकास को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से करीब 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

हत्यारोपियों के करीबियों से की जा रही पूछताछ, विभिन्न प्रदेशों के साथ नेपाल और बांग्लादेश में भी दबिश दे रही हैं पुलिस की टीमें, अधिकारी चुप्पी साधे बैठे

पूर्व आईएएस अधिकारी समेत पांचों हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

बाबा हत्याकांड

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : डेरा कारसेवा के बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें विभिन्न प्रदेशों के साथ नेपाल और बांग्लादेश में भी दबिश दे रही हैं। बाबा की हत्या के मामले में नामजद अन्य लोग फरार हैं। जबकि पुलिस इनसे जुड़े लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

बता दें कि पांच दिन पूर्व नानकमत्ता डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारी दो सिख युवकों ने डेरे में घुसकर गोली कर हत्या कर दी थी। जिनकी तलाश में पुलिस उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा के साथ ही नेपाल और बांग्लादेश में भी तलाश में जुटी है। पुलिस को इसमें क्या सफलता मिली है को लेकर पुलिस के आला अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं।

मुडेली निवासी डेरे में सेवादार जसवीर सिंह ने हत्यारोपी सर्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह के साथ ही षड्यंत्र रचने की आशंका में गुरुद्वारे के प्रधान पूर्व आईएएस अधिकारी हरबंश सिंह संधू, तराई महासभा के उपाध्यक्ष और गुरुद्वारा प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह तथा गदरपुर डेरा के बाबा अनूप सिंह को भी नामजद किया है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड में इनके नाम सामने आने के बाद यह लोग भूमिगत हो गए हैं। इधर पुलिस नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पूर्व महासचिव एवं तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू के नाम शामिल होने के चलते तराई महासभा से जुड़े लोगों से गहन पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस गदरपुर डेरा कारसेवा पर भी नजर रखे हुए है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर बाबा तरसेम सिंह के खिलाफ भी तमाम पोस्टें की जा रही हैं। उनके समर्थकों में बाबा के प्रति फैलाई जा रही बातों को लेकर आक्रोश है। बाबा के समर्थक उनकी तेरहवीं के बाद पुलिस से संपर्क करेंगे।

सीसीटीवी में दिखते बाइक सवार हत्यारोपी। ● फाइल फोटो

हत्यारों ने किया छोटे वाहनों का प्रयोग

रुद्रपुर : बाबा हत्याकांड के बाद शाहजहांपुर तक दिखी बाइक के बाद जांच टीमों को संदेह है कि हत्यारों ने शाहजहांपुर में ही कहीं बाइक को ठिकाने लगाने के बाद छोटे वाहनों का प्रयोग कर अपनी लोकेशन को बदला होगा। टीमों को पुख्ता जानकारी मिल चुकी है कि शाहजहांपुर में मददगारों के यहां पनाह लेने के बाद हत्यारों ने बाइक का प्रयोग नहीं किया, बल्कि ऐसे छोटे वाहनों का इस्तेमाल किया है जिस पर संदेह नहीं किया जा सके। संदेह है कि यदि हत्यारों ने शाहजहांपुर से पंजाब या फिर हरियाणा की ओर रुख किया है तो उन्होंने टाटा मैजिक या ऐसे वाहन का इस्तेमाल किया है, जिससे सामान को ढोया जाता है।

बिलासपुर पहुंची एसटीएफ की एक टीम

रुद्रपुर : शाहजहांपुर में पांच संदिग्धों को दबोचने के बाद अब एसटीएफ की एक टीम ने रविवार की दोपहर से लेकर सोमवार तक हत्यारोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के पुश्तैनी गांव सिहोरा बिलासपुर यूपी में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने ऐसे लोगों को चिह्नित करना शुरू किया जो हत्याकांड के बाद अमरजीत को पनाह दे सकते हैं, क्योंकि 15 साल पहले गांव छोड़ने के बाद हत्यारोपी अमरजीत का बिलासपुर आना जाना था।

हत्यारों के पीछे हो सकता है रसूखदारों का हाथ

रुद्रपुर : जिस प्रकार पुलिस के तेजतर्रार एसएचओ, एसटीएफ, एसओजी के अलावा यूपी-पंजाब की पुलिस को गच्चा देकर हत्यारों के मददगार बार-बार बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उससे यह तो साफ हो रहा है कि कट्टरपंथी विचारधारा के हत्यारोपी अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह के पीछे बड़े रसूखदारों का हाथ हो सकता है, क्योंकि शाहजहांपुर में पांच लोगों की धरपकड़ के बाद यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जिस प्रकार पुलिस टीम के पीछे होने के बाद भी हत्यारोपी सर्वजीत बार-बार सोशल मीडिया में पोस्ट डालकर अपना संदेश रहा है। इससे आशंका जताई जा सकती है कि हत्यारोपियों के मददगार की सूची लंबी है।

रॉयल्टी चेक करने के विवाद में हुई फायरिंग, वाहन भी क्षतिग्रस्त किए

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज कराए, कई लोगों को हल्की चोटें भी आईं

अपराध

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: रॉयल्टी चेक करने के नाम पर आक्रोशित खनन कारोबारियों ने जब विरोध किया तो कंपनी के लोगों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इससे भगदड़ मच गई। इस दौरान कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त की गईं। कई लोगों को हल्की चोटें भी लगी हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज कराए हैं।

रविवार-सोमवार की देर रात्रि पिपलिया स्थित चेक पोस्ट पर अधिकृत फर्म कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के कर्मचारी वाहनों की रॉयल्टी चेक कर रहे थे। इसी बीच रात्रि करीब 12 बजे नेतानगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी माजिद हुसैन का खाली डंपर लेकर चालक व परिचालक छोई मोड़ से होते हुए सुल्तानपुर पट्टी की तरफ आ रहे थे। आरोप है कि इसी बीच पिपलिया में करीब 30 हथियारबंद व लाठी-डंडों से लैस लोगों ने डंपर को रोका और खुद को किसी कंपनी का कर्मचारी बताकर मारपीट करते हुए अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। इसमें डंपर का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद माजिद हुसैन अपने मित्र मोहित के साथ मौके पर पहुंचा तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उन्होंने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई।

आरोप है कि कंपनी के लोगों ने कार पर भी फायरिंग कर कार क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने माजिद की तहरीर पर धारा 147, 148, 323, 427 के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ से विनय कुमार आहलूवालिया की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें कहा गया है कि शासन से कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी को खनन वाहनों की रॉयल्टी चेक करने का ठेका प्राप्त हुआ है। रात्रि 12 बजे जब कंपनी का स्टाफ बिना रॉयल्टी वाली गाड़ियों को चेक कर रहा था कि उसी समय लगभग 300 से अधिक लोकल गाड़ी वालों और ट्रांसपोर्टरों की भीड़ ने स्टाफ पर पथराव कर दिया। इसमें दो बोलेरो गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने की बात कही गई है। फायरिंग के संबंध कहा गया है कि बेकाबू भीड़ की वजह से गनमैन ने हवाई फायरिंग की गई, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ है। सुरक्षा के लिए ऐसा करना आवश्यक है। कहा गया कि पुलिस की गाड़ियां वहां जब तक पहुंची तब तक भीड़ बेकाबू होकर स्टाफ से मारपीट और गाड़ियों पर पथराव करती रही जिससे कंपनी को बड़ा नुकसान हुआ है। पुलिस ने आहलूवालिया की तरफ से धारा 147, 352, 427 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बाजपुर में घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

हादसा या हमला: बाल-बाल बचा पूर्व विधायक का परिवार

मामला

- मलसा मोड़ पर कार ने मारी पूर्व विधायक के वाहन को टक्कर
- पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने लगाया साजिश का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अपने परिवार के साथ शादी समारोह से लौट रहे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का परिवार उस वक्त बाल-बाल बच गया जब तेज गति से आ रही कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

रविवार की देर शाम किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला अपने परिवार के साथ शादी समारोह में दो वाहनों में गए थे। उस वक्त उनके साथ उनकी पत्नी शशि शुक्ला, भतीजा मनीष शुक्ला, विधि शुक्ला, सचिन शुक्ला व गीतांजलि शुक्ला सहित पांच बच्चे कार संख्या यूके-16-8888 में सवार थे। बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक समारोह से जब लौट रहे थे तो उस वक्त उन्होंने गांव शिमला के पास अपनी गाड़ी को छोड़कर दूसरे गाड़ी में बैठ गए। लौटने के दौरान गाड़ी किच्छा हाईवे पर पहुंची तो अचानक गांव मलसा की ओर से तेज गति में आई कार संख्या यूपी-25सी-9712 ने आगे चल रही गाड़ी को चालक सीट की तरफ से टक्कर मार दी। उस वक्त शुक्ला पीछे चल रही दूसरी गाड़ी में बैठे हुए थे। टक्कर के कारण गाड़ी में बैठे परिवार में चीख पुकार मचने लगी और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के दौरान स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए और अभिषेक नाम के कार चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का कहना था कि वापस आने के दौरान उन्होंने गाड़ी को बदल दिया था और उसके कुछ ही देर बाद कार को टक्कर मारी गई। आरोप था कि ये हादसा नहीं, बल्कि साजिशन किया गया हमला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

यूपी पुलिस ने मां-बेटे को उठाया

संवाददाता पंतनगर

कार्रवाई

- बिलासपुर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमे में जारी वारंट के बावजूद हाजिर नहीं होने पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार: रामपुर (यूपी) के बिलासपुर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में यूपी पुलिस ने पंतनगर में दबिश देकर विवि में कार्यरत महिला और उसके बेटे को उठा लिया और उन्हें अपने साथ ले गई। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में कृषि श्रमिक के पद पर कार्यरत गुड्डी देवी परिसर के टा कॉलोनी में अपने दो पुत्रों के साथ रहती हैं। लगभग छह वर्ष पूर्व संदेहजनक हालत में उनके पति शिव मोहन (विवि कर्मी) का शव किच्छा के बंडिया में मिला था। पुलिस ने लापता मानकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। अखबार में सूचना छपने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई थी। उसके स्थान पर गुड्डी देवी को मृतक आश्रित कोटे के तहत विवि में नियुक्ति मिली है। सोमवार सुबह 9.15 बजे बिलासपुर थाने के एसआई अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस (दो महिला व पांच पुरूष कर्मी) की टीम ने ऑफिस जा रही गुड्डी देवी को रास्ते से पकड़ लिया और टा कॉलोनी में उनके आवास पर ले आई। यहां से पुलिस कर्मियों ने पूरे ब्लॉक की घेराबंदी कर गुड्डी देवी के बालिग पुत्र अतुल सिंह को भी उठा लिया और उन्हें अपने साथ ले गई। घर में सिर्फ छोटा बेटा (नाबालिग) ही बचा है। भारी पुलिस बल देख कॉलोनी वासियों में सनसनी फैल गई और लोग किसी बड़े मामले में पुलिस की दबिश और मां-बेटे की गिरफ्तारी होने को लेकर कयासबाजी करते रहे। मामले में एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने वीआईपी ड्यूटी में होने का हवाला देकर जानकारी होने से इन्कार कर दिया।

वहीं एसआई प्रकाश कोहली ने बताया कि बिलासपुर थाने के एसआई अमित कुमार ने पंतनगर थाने में आमद दर्ज कराई है कि नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में वारंटी मां-बेटे को पंतनगर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है।

अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बाजपुर : सड़क हादसे में पति की मृत्यु व बेटे के घायल होने के मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी दीप्ति ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च की शाम करीब 7:20 बजे पति राजीव कुमार अपने चार वर्षीय बेटे शिवा को लेकर बाइक पर ग्राम इटव्वा की ओर से आ रहे थे। आरोप है कि इसी बीच बन्नाखेड़ा शिव मंदिर के पास एक बाइक सवार ने गलत साइड में आकर उसके पति की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने पति राजीव को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे शिवा को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बिंदुखत्ता के युवक की राजस्थान में कार दुर्घटना में मौत, कोहराम

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी के पास बिन्दुखत्ता के युवक की राजस्थान अलवर जिले के ठेकड़ा बाईपास के निकट कार दुर्घटना में मौत हो गई है। युवक का शव सोमवार देर रात तक बिन्दुखत्ता पहुंचेगा।

राजेन्द्र सिंह कोरंगा।

बिन्दुखत्ता के खुरियाखत्ता नंबर आठ निवासी 46 वर्षीय राजेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र भीम सिंह कोरंगा स्टर्लिंग इंडो टेक कंसल्टेंट्स (पी) लिमिटेड कंपनी में पिछले आठ-दस सालों से नौकरी कर रहा था। सोमवार सुबह सात बजे टैक्सी इनोवा कार संख्या एचआर58 डी 4173 से कंपनी के काम से अपने एमडी के साथ निकला था। तभी कार चालक को नींद की झपकी आने से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर राजस्थान अल्वर जिले के ठेकड़ा बाईपास के निकट पुलिया नंबर 118 से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार के एयरबैग खुलने से चालक तो बच गया लेकिन कंपनी कर्मचारी राजेन्द्र सिंह कोरंगा व एमडी अजय अरोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि भतीजा लक्ष्मण कोरंगा व कंपनी के कर्मचारी वहां से शव को लेकर घर के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों का कहना है कि मरने से पहले राजेन्द्र ने प्रातः चार बजे अपने घर पत्नी उमा कोरंगा से फोन पर बात की थी। उसने बताया था कि वह एयरपोर्ट के लिए निकल रहे हैं। दिल्ली से अरुणांचल प्रदेश के लिए फ्लाइट पकड़नी है। राजेंद्र सिंह कोरंगा के पिता की मौत एक साल पूर्व हुई थी। उनकी पांच अप्रैल 2024 को बरसी होनी थी जिसके लिए राजेंद्र सिंह चार अप्रैल को घर आने वाला था। मृतक घर का इकलौता वारिस था। मृतक राजेंद्र अपने पीछे पत्नी उमा कोरंगा, मां हरूली देवी और दो बच्चों बेटा सार्थक कोरंगा और बेटी परिनिता कोरंगा को रोता बिलखता छोड़ गया है।

शिक्षक के घर से कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ

बाजपुर: शिक्षक के घर के अंदर से पालतू कुत्ते को तेंदुआ उठा ले गया, जोकि गांव के नजदीक खेत में मृत मिला है। ग्रामीणों के अनुसार इससे पहले भी तेंदुआ कई ग्रामीणों के कुत्तों को शिकार बना चुका है। ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी बन्नाखेड़ा को संबोधित ज्ञापन प्रेषित करके कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रजपुरा नंबर-दो निवासी शिक्षक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके घर से पालतू कुत्ते को तेंदुआ उठाकर ले गया। बाद में वह गांव के बाहर खेतों में अधखाया मृत मिला है। इससे पहले ग्राम जोगीपुरा निवासी नत्था राम, मानविंदर सिंह, मक्खन चंद आदि के पालतू कुत्तों को भी तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी बन्नाखेड़ा को ज्ञापन भेजा है।

परेशानी बिजली कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 11 घंटे बाद आधे शहर की विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी

हाइटेंशन लाइन से टकराई कार, विद्युत आपूर्ति ठप

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार हाइटेंशन लाइन के पोल से टकरा गई। दुर्घटना में बिजली के दो खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इससे आधे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। मौके पर पहुंचे बिजली कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 11 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी। उधर कार सवार दो लोग एयरबैग खुलने से सुरक्षित बच गए।

रविवार देर रात को रामनगर से एक फॉर्च्यूनर कार बड़े गुरुद्वारे की ओर जा रही थी। तभी राजकीय पॉलीटेक्निक के ठीक सामने फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर 11 हजार की हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में लगे एयर बैग खुल गये और कार का अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। गनीमत रही कि एयरबैग खुलने से कार सवार दो लोग सुरक्षित बच गए और वह मामूली रूप से घायल हुए। कार के टकराने से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त व लाइन टूट गई। इससे मानपुर रोड हाइडिल से सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने पोल व लाइन को ठीक किया। इसके बाद करीब 11 घंटे बाद सोमवार दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। मानपुर बिजली घर के जेई सुबोध नेगी ने बताया नुकसान का लगभग 51 हजार का एस्टीमेट बना लिया गया है। दोषी कार स्वामी ने नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है, इसलिए अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

विद्युत पोल से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

कार के टकराने से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल। ● अमृत विचार

चैती मेले में व्यवस्थाएं दुरुस्त हों

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : धर्मयात्रा महासंघ ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर चैती मेले में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है।

उपजिलाधिकारी/प्रबन्धक चैती मेला अभय प्रताप सिंह को सौंपे ज्ञापन में धर्मयात्रा संघ के पदाधिकारियों ने मांग की कि आगामी 9 अप्रैल से बसन्त नवरात्र प्रारंभ होने जा रहे हैं। इसी दिन हिन्दू नववर्ष विक्रम सम्वत् 2081 भी प्रारम्भ हो जाएगा। इसके साथ ही चैती मेले की भी शुरूआत होगी। उन्होंने मांग की कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में शुद्ध पेजयल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सफाई, कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव, सड़े-गले फलों व बासी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, मुख्य मार्गों पर सुबह-सायं पानी के छिड़काव व्यवस्था, मेले में डांस पार्टी व नौटंकी आदि निम्न स्तर के मनोरंजन के साधनों पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहे। ज्ञापन देने वालों में केके अग्रवाल, आरपी राय, डॉ. महेश अग्निहोत्री, पं. राघवेन्द्र नागर, विपिन अग्रवाल, गुरुविन्दर सिंह चंडोक, अशोक कुमार अग्रवाल (पैगिया), क्षितिज अग्रवाल, धर्मेन्द्र तुली, मदन मोहन गोले, विनोद कुमार मेहरोत्रा, सुभाष चन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

चैती मेले में व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते धर्मयात्रा महासंघ के सदस्य।

सार-संक्षेप

खटीमा के हिंद पब्लिक स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते प्रबंधक व अन्य।

हिंद स्कूल में मेधावी छात्रों का किया अभिनंदन

खटीमा : हिंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण के साथ मेधावी छात्रों का अभिनंदन किया गया। प्रबंधक नीरज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र जोशी, उप-प्रधानाचार्य पूजा जोशी ने परीक्षाफल वितरित किया। इस अवसर पर रंजीत मेहरा, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, शिखा पुनेठा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, गौरव सिंह आदि मौजूद थे।

खटीमा में अध्यक्ष मोहन जोशी का फूल मालाओं से स्वागत करते गल्ला विक्रेता।

जोशी बने सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति अध्यक्ष

खटीमा : सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति का गठन किया गया। इसमें पचौरिया निवासी मोहन चंद्र जोशी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। सरकारी गोदाम परिसर में हुई बैठक में सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जोशी को अध्यक्ष चुना गया। जोशी के अध्यक्ष बनने पर कोटेदारों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं। इस मौके पर गजेंद्र सिंह पोखरिया, आनंद चौहान, कैलाश चंद, कमल बोरा, गणेश मुंडेला, जगदीश भट्ट, हनुमान सिंह, प्रवीन कोहली, देवेंद्र सिंह, दिगंबर जिमिवाल, वीरेंद्र राम, मनोज राणा, सुभाष सिंह आदि मौजूद थे।

शांतिपुरी में भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पुष्पा भट्ट का स्वागत करतीं महिलाएं।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की पत्नी ने कीं नुक्कड़ सभाएं

शांतिपुरी : नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा प्रत्यासी अजय भट्ट की पत्नी पुष्पा भट्ट ने रविवार देर रात को शांतिपुरी, जवाहरनगर व शांतिपुरी नंबर 4 में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। शांतिपुरी नंबर दो में दुग्ध संघ के नवनिर्वाचित डायरेक्टर इंदर मेहता के आवास पर सभा को संबोधित करते हुए पुष्पा भट्ट ने ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान कर मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सभा को नैनीताल हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता डीसीएस रावत, दुग्ध संघ निदेशक इन्दर मेहता, त्रिलोक सिंह रावत, कविता तिवारी व तारा सिंह कोरंगा ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रताप सिंह कोश्यारी, इंदर मेहता, विजेंद्र जोशी, त्रिलोक सिंह रावत, नवीन टाकुली, तारा सिंह कोरंगा, कुंदन सिंह दानू, गोविंद मेहता आदि मौजूद रहे।

ईद की नमाज को लेकर ज्ञापन सौंपते ईदगाह कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार

ईद की नमाज को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

काशीपुर : ईदगाह कमेटी ने आगामी 11 अप्रैल को ईद की नमाज की व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह को सौंपे ज्ञापन में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हसीन खान ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद के दिन नमाज अदा करने को लेकर काशीपुर व आसपास के गांव के मुस्लिम समाज के लोग आते हैं। परिसर में हर वर्ष की भांति नगर निगम द्वारा पानी के टैंकर भेजे जाते हैं, जिसमें मुस्लिम समाज के लोग वजू कर नमाज अदा करते हैं। इस बार भी यहां 10 टैंकरों की आवश्यकता है। साथ ही ईद के दिन विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने, ईदगाह को जाने वाली रोड की सफाई व्यवस्था व टूट फूट की मरम्मत कराने व आगामी 5 अप्रैल को अलविदा जुमा के दिन भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, एमए राहुल, राजेश कुमार गौतम, मोहम्मद शहजाद, हनीफ गुड्डू आदि शामिल रहे।

किच्छा के ग्राम बरा में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक।

बरा इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त चार अध्यापकों को दी विदाई

किच्छा : ग्राम बरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त हुए चार अध्यापकों को भावभीनी विदाई दी गई। ग्राम बरा स्थित इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रवक्ता रणजीत सिंह कुशवाहा, सोमनाथ यादव, मिथिलेश कुमार यादव एवं नारायण सिंह कार्की सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमाशंकर विश्वकर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें उपहार भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमाशंकर विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम में कमल सिंह यादव, राकेश राय, कृष्ण सिंह रावत, अमृतलाल मौर्य, रणधीर सिंह, देवेंद्र कुमार उपाध्याय, राजेंद्र राम, जयप्रकाश, राम भवन प्रजापति, प्रभा बर्थवाल, अर्चना गैबरियाल, होशियार सिंह जेठी, हरिंदर सिंह, नवल गंगवार आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर के मंच पर जीवंत हो उठी विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति

लोक कलाकारों ने पर्वतीय पर्व कार्यक्रम में मचाया धमाल, दर्शकों की वाहवाही लूटी

कार्यक्रम

- शहीद खुदीराम बोस प्रेक्षागृह में पर्वतीय पर्व का आयोजन
- राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के कलाकार पहुंचे

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय की ओर से सोमवार को शहीद खुदीराम बोस प्रेक्षागृह में पर्वतीय पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से सैकड़ों कलाकारों ने शिरकत की।

उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के लोक कलाकारों ने अपने-अपने राज्य की संस्कृति को प्रस्तुत किया। राजस्थान की महिला कलाकारों ने घूमर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। राजस्थान के लोकगीत गायक कासिम खान की टोली ने लोकगीत गाए। राई लोक नृत्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के आदिवासी कलाकारों ने गुदुम्बबाजा लोक नृत्य ने देर शाम तक समा बांधे रखा। उत्तराखंड की चांचरी लोक नृत्य ने धूम मचा दी। दिनेशपुर के इतिहास में पहली बार भारतीय लोक नृत्य व लोक गीत, संगीत का अटूट मिश्रण कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना ने कार्यक्रम के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा, उत्तराखंड के प्रभारी रंगकर्मी सुभाष चंद्रा, सूत्रधार/रंगकर्मी सुभाष चंद्रा का स्वागत किया। इस दौरान रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना, हिमांशु सरकार, तरुण कुमार सिंह, हीरा जंगपांगी, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, रोहित मंडल, रवि सरकार, अनिल रौतेला, प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, राजू गाईन, प्रधान विकास सरकार आदि मौजूद रहे।

शहीद खुदीराम बोस प्रेक्षागृह में आयोजित पर्वतीय पर्व कार्यक्रम में उत्तराखंड का चांचरी लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

पर्वतीय पर्व कार्यक्रम में राजस्थान का घूमर नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।

शिक्षक से गाली-गलौज के मामले ने पकड़ा तूल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: छात्र को फेल करने का आरोप लगाते हुए शिक्षक के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला मूल पकड़ता जा रहा है। आरोपित पर कार्रवाई नहीं होने से शिक्षकों में रोष है। मामले को लेकर एक बार फिर से कोतवाली पहुंचे आक्रोशित शिक्षकों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया है।

इंटर कालेज बाजपुर में 30 मार्च को विद्यालय में परीक्षाफल घोषित हुआ था। इसमें कई बच्चे अनुत्तीर्ण हुए थे। शनिवार की रात करीब साढ़े 8 बजे इंटर कॉलेज बाजपुर में तैनात प्रवक्ता शिक्षक प्रदीप चंद्र जोशी अनाज मंडी परिसर में टहल रहे थे। आरोप है कि तभी एक सफेद रंग की कार ने शिक्षक को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। इतना ही नहीं अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी से निकलकर एक छात्र को फेल करने का आरोप शिक्षक पर लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की तहरीर इसी रात में कोतवाली पहुंचकर दे दी गई थी, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार को शिक्षक एकत्रित होकर एक बार फिर कोतवाली पहुंचे। बताया गया कि आरोपित कार सवार सीसीटीवी में कैद हो गया है जिसकी वीडियो पुलिस को उपलब्ध करवा दी गई है। कोतवाली पहुंचने वालों में प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, प्रवीण अरोरा, धीरज सक्सेना, रोहित यादव, केके वाजपेयी, ललित जोशी आदि मौजूद रहे।

परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग

जसपुर : मुस्लिम समुदाय के छात्र-छात्राओं ने अलविदा जुमे के दिन होने वाली परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग की। छात्र-छात्राओं ने ई-मेल व स्पीड पोस्ट के जरिये परीक्षा नियंत्रक को मांग पत्र भेजा है। जामा मस्जिद चौक पर एकत्रित छात्रों ने बताया कि वह कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न डिग्री कालेज के छात्र हैं। बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष एवं बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षा का कार्यक्रम एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए 5 अप्रैल शुक्रवार को केमिस्ट्री, इकोनॉमिक्स की परीक्षा होना तय किया गया है। इसी दिन साइकोलॉजी, होम साइंस, ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा घोषित की गई है। जबकि इस दिन रमजान का महत्वपूर्ण शुक्रवार यानी अलविदा जुमा है। अलविदा जुमा में नमाज अदा करने के कारण मुस्लिम समुदाय के छात्र-छात्राएं उक्त परीक्षा देने में असमर्थ रहेंगे। छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से परीक्षा कार्यक्रम आगे बढ़ाए जाने का आग्रह किया है। मांग करने वालों में मो. अरमान, उवेश, मो. समीर, शाकिब, अलीजा, रूबी अंजुम, सानिया परवीन, मुस्कान जहां, आदिल शामिल रहे।

आईआईएम करेगा अनुसंधान संगोष्ठी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने डॉक्टरेट स्कॉलर के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम तीन दिवसीय प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान संगोष्ठी (एमईआरसी) 2024 के आयोजन की घोषणा की है।

31 मई से 2 जून, 2024 के बीच आयोजित होने वाले एमईआरसी के इस तीसरे संस्करण के लिए आईआईएम काशीपुर ने अपने शोध कार्यों को अपने समकक्षों, विशेषज्ञों और अन्य के सामने प्रदर्शित करने के लिए डॉक्टरेट स्कॉलर, पेशेवरों और लेखकों से आवेदन मांगे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है। विशेषज्ञों के पैनल द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को क्रमशः 25000, 15000 और 10000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

डॉक्टोरल एरिया के चेयरमैन सब्यसाची पात्रा ने कहा कि आईआईएम काशीपुर ने स्वयं का रिसर्च ईको सिस्टम बनाया है। एमईआरसी 2024 शोधकर्ताओं के लिए अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समझ हासिल करने और अकादमिक और उद्योग विशेषज्ञों के साथ सहयोग करने का यह सबसे अच्छा स्थान है। इससे उभरते शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिलता है।

मूल्यांकन केंद्र में हंगामा कुछ देर कार्य रोका

काशीपुर: हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए एक केंद्र में मामूली बात को लेकर दो शिक्षिकाओं में विवाद हो गया। इसके बाद अन्य शिक्षकों ने भी हंगामा कर दिया। इससे कुछ देर तक मूल्यांकन का कार्य नहीं हो सका। हालांकि प्रभारी बीईओ के पहुंचने पर शिक्षकों ने बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने काम दोबारा शुरू कर दिया।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए काशीपुर के एक स्कूल को केंद्र बनाया है। प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि किसी बात को लेकर शिक्षिकाओं में नाराजगी हो गई थी। इसको लेकर मूल्यांकन में लगे शिक्षकों ने कार्य करना बंद कर दिया था।

ऑटिज्म पीड़ित बच्चे सम्मानित

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विश्व ऑटिज्म दिवस पर अनुराग फाउंडेशन फॉर स्पेशल नीड्स के तत्वावधान में अविकसित मस्तिष्क वाले बच्चों की काउंसलिंग की गई। यहां आए 40 बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

गायत्री अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी पांडे, डॉ. अजय चौधरी, डॉ. अनीता चौधरी, डॉ. रचित सक्सेना, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सोनी राणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पांडे ने काउंसलिंग के दौरान बच्चों के विकास के लिए मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड के संबंध में जानकारी दी। गायत्री अस्पताल की डॉ. अनीता चौधरी ने बताया कि संस्था द्वारा अविकसित मस्तिष्क वाले 40 बच्चों को आटिज्म डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पॉलिसी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एवं लर्निंग डिसएबिलिटी के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान कर समाज में रहना एवं स्वयं की पहचान बनाना सिखाया जाता है। इस दौरान बच्चों ने गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन ज्योति ने बच्चों के दांतों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गीता पांडे, डॉ. क्रांति कुमार, बालकिशन थापा, पूर्णिमा चौधरी, छोटेलाल चौधरी, अरुण सिंह राणा आदि मौजूद रहे। संचालन अक्षत चौधरी ने किया। अंत में सभी बच्चों को स्मृति चिह्न और गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया।

खटीमा में अविकसित मस्तिष्क वाले बच्चों के साथ परिजन और चिकित्सक।

गर्मी में समस्याओं को रोकने के निर्देश

रुद्रपुर: जिला मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

उदयराज सिंह ने कहा कि मैदानी इलाकों में अप्रैल से जून के मध्य (हीट वेव) उच्च तापमान रहता है। इस कारण जनमानस को स्वास्थ्य संबंधी विकार एवं अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उच्च तापमान से संबंधित घटनाओं की रोकथाम एवं कार्ययोजना तैयार किए जाने के लिए जनपद स्तर पर नोडल नामित किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन को जिला मजिस्ट्रेट ने नोडल अधिकारी नामित किया है।

किच्छा में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक तिलकराज बेहड़। ● अमृत विचार

जनता संवाद में फरियादियों ने रखीं समस्याएं

किच्छा : विधायक तिलकराज बेहड़ ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर किच्छा विधानसभा को 7 सेक्टर में बांटते हुए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे। इस दौरान जनता संवाद में आए फरियादियों ने विधायक बेहड़ को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बेहड़ ने भरोसा दिलाया कि आचार संहिता हटने के बाद दर्ज की गई समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, नारायण सिंह बिष्ट, गुलशन सिंधी, नितिन शर्मा, दलजीत सिंह, गुरदास कालरा, बिशन सिंह कोरंगा, राजेंद्र शर्मा, डॉ तिर्मल प्रसाद, हरविंदर सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, शिशुपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अनदेखी चुनाव ड्यूटी और मूल्यांकन में शिक्षकों की ड्यूटी से प्रभावित हुई पढ़ाई

बच्चों को न किताबें मिलीं न शिक्षक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था चौपट हो रही है। एक अप्रैल यानी शिक्षा सत्र के पहले दिन ही बच्चों को किताबों के लिए और संबंधित विषय के शिक्षक के लिए जूझना पड़ा। बच्चे 7:30 बजे स्कूल खुशी से पहुंचे, लेकिन एक बजे मायूस होकर लौटे। शिक्षकों के चुनावी ड्यूटी और मूल्यांकन केंद्रों में ड्यूटी लग जाने से बच्चों के सामने शिक्षा ग्रहण करने की परेशानी खड़ी हो रही है।

काशीपुर में इंटर कॉलेज, हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल व प्राथमिक स्कूलों की 130 के करीब संख्या है। इन विद्यालयों में 12 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। एक अप्रैल को शिक्षा विभाग नए शिक्षा सत्र शुरू कर देता है। सोमवार को नया शिक्षा सत्र को देखते हुए छात्र-छात्राएं सुबह 7:30 बजे स्कूल पहुंच गए। अन्य दिनों की तरह की प्रार्थना के बाद कक्षाओं में बैठे, लेकिन नई किताबें नहीं आने से छात्र-छात्राएं पुरानी किताबें बस्तों से निकालकर पढ़ते दिखे। वहीं अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन व चुनाव ड्यूटी में लगाई गई है। ऐसे में पुरानी किताबों से ही विषयवार शिक्षक का भी बच्चे इंतजार करते रहे। प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि शत प्रतिशत पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगी है। वह भी खुद चुनाव ड्यूटी कर रहे हैं। बताया कि महिला शिक्षिकाएं स्कूलों में तैनात हैं। उन्हीं के जरिए नए शिक्षा सत्र की शुरूआत की गई। किताबें जल्द नई पहुंच जाएगी। इसके लिए डिमांड भेज दी है। बताया कि पहले दिन स्कूलों में सात हजार के करीब विद्यार्थी पहुंचे हैं।

हालात

- एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू कराता है शिक्षा विभाग



रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लेप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन	हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)	1) ऐशरमैन का इलाज
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)	2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)	3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच	4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन	5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन	

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एयर वॉरियर्स ने दिल्ली को हराकर जीता बास्केटबॉल का फाइनल मैच

स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन, विजेता सम्मानित

संवाददाता काशीपुर

ट्रॉफी के साथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच एयर वॉरियर्स ने 26 अंक से मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। हूपस फेस्ट द्वारा चल रहे तीन दिवसीय बास्केटबॉल का रविवार की देर रात को दिल्ली कांटे टीम और एयर वॉरियर्स के बीच खेला गया। इसमें एयर वॉरियर्स ने मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की।

सेमीफाइनल का पहला मैच वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर और एयर वॉरियर्स के बीच खेला गया। इसमें एयर वॉरियर्स ने 57 अंक बनाकर 16 अंकों की बढ़त बना कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच कांटे और इसकिल जंक्शन और दिल्ली काटें के बीच खेला गया। जिसमें कांटे ने 5 अंकों से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दिल्ली कांटे की टीम व एयर वॉरियर्स के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें एयर वॉरियर्स ने दिल्ली 26 अंकों से फाइनल जीत लिया। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 51,000 रुपये, दूसरी टीम को 20,000 रुपये व तीसरी टीम को 10,000 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। कमला पंत, ऋचा पंत, गीता पाठक, अनुराग सोलंकी, अशोक पंत, प्रकाश जोशी, सीएम पाठक ने विजेताओं को सम्मानित किया। आयोजकों ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए प्रकाश जोशी ,डाक्टर रजनीश शर्मा, डाक्टर तरूण सोलंकी, मयंक अग्रवाल, सुरेंद्र जीना, पुनीत शर्मा, कोच बाबा सिंह ,बीबी भट्ट, डाक्टर गिरीश तिवारी, सुरेंद्र खुराना, मोहित बोहरा, मीरा राणा, सीमा बंसल,डाक्टर दिव्या रावत, पलक, सुमन जोशी, कनक पाल, गगन सोहल आदि मौजूद रहे।

सीएचसी की समस्याओं का विधायक ने किया निरीक्षण

जसपुर: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विवादास्पद बना हुआ है। इससे अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक पद को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। अधीक्षक पद पर तैनात डॉ. हितेश शर्मा के स्थानांतरण के बाद 28 फरवरी को महिला चिकित्साधिकारी टी पूजा को चार्ज दिया गया था। लेकिन पूर्व अधीक्षक इससे असंतुष्ट बताए जा रहे हैं। इस कारण अब भी विवाद की स्थिति बनी हुई है। इससे स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है। विगत 30 मार्च को पूर्व अधीक्षक डॉ. हितेश शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपस्थिति पंजिका में अपनी बैक हाजिरी लगाए जाने की जानकारी मिलने पर जसपुर विधायक आदेश चौहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी ली। इस पर वर्तमान चिकित्सा अधीक्षक टी पूजा ने उन्हें अवगत कराया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि चिकित्सालय में ओपीडी बढ़ने के चलते पर्चियां बनाने के दो काउंटरों की आवश्यकता है।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

दिनेशपुर के आनंदखेड़ा में महानाम संकीर्तन से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

आस्था

▸▸ **आज प्रातः 6 बजे से शुरू होगा 16 प्रहर प्रभु महानाम संकीर्तन**

अमृत विचार : महानाम संकीर्तन से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। दो दिवसीय महानाम संकीर्तन के साथ मेले का आयोजन भी किया गया। मंगलवार की प्रातः 6 बजे से प्रभु महानाम संकीर्तन शुरू होगा।

सोमवार की शाम श्री राधा-कृष्ण मंदिर आनंदखेड़ा से महिलाओं की भव्य कलश यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए शीतला घाट पहुंची। जहां से महिलाएं जल भरकर वापस मंदिर परिसर अनुष्ठान स्थल पहुंचीं। मंगलवार प्रातः 6 बजे से 16 प्रहर महानाम शुरू होगा। विभिन्न राज्यों से आए कीर्तन मंडलिया महानाम संकीर्तन में भाग लेंगी। इस मौके पर वृंदावन से आए कथा वाचक देवी राधा बल्लभी, महानाम संकीर्तन मंदिर पुजारी अनिरुद्ध दास, अमरेश चक्रवर्ती, नूपुर मलंगी, सपना व्यापारी, पूनम राय, लखिकान्त मुखर्जी, प्रदीप मलंगी, जनार्धन मलंगी, जगदीश बाबली, कृष्णा व्यापारी, सुदर्शन विश्वास, मनोज व्यापारी, ज्योतिष हालदार, निताई व्यापारी, केतु सरकार, मिर्नल व्यापारी, नारायण हालदार आदि मौजूद थे।

गदरपुर अनाज मंडी में लोगों को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

गदरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

गदरपुर : लोकसभा नैनीताल ऊधम सिंह नगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का कांग्रेस नेता हरिचंद छाबड़ा एवं बुक्सा समाज के नंदराम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रविवार देर शाम नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी स्वयं पर भरोसा न रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए जन-जन तक संपर्क करने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, कार्यकारी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिनाथ विश्वास, खेमपुर जिला पंचायत सदस्य कुमारी सुमन, ममता हालदार, सुमित्रा भुल्लर, संदीप चीमा मौजूद रहे।

पूर्वांचल के कलाकारों ने बांध दिया समां

आयोजन

▸▸ **पूर्वांचल सेवा समिति ने किया होली मिलन समारोह**

संवाददाता, खटीमा

होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्वांचल सेवा समिति की ओर से पहली बार एक निजी बैंकट हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में पूर्वांचल संस्कृति से जुड़े रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें स्थानीय कलाकार एवं गायिका मनीष गोस्वामी ने भोजपुरी कुमाउनी होली गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समिति अध्यक्ष सुनील रैदानी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं। इस दौरान पूर्वांचल से आए कलाकारों ने होली गीत गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजू जुनेजा, अंकित पांडे, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, साकेत शाही, अजय सिंह, कमल सिंह, रमेश चंद्र जोशी, मनोज वाधवा, रवीश भटनागर, रेखा सोनकर, नवीन बोरा, रोशन रावत, राघव यादव, बृजेश प्रजापति, अचल शर्मा, करण यादव आदि थे। संचालन महेंद्र प्रताप ने किया। समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

महाविद्यालय का सात दिनी एनएसएस कैंप संपन्न

खटीमा के सात दिनी एनएसएस कैंप में सम्मानित छात्राएं।

खटीमा : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस छात्राओं का आश्रम पद्धति माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मीरा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं ने पिछले सात दिनों में किए गए कार्यों की समीक्षा की। शिविर में हेड गर्ल आंचल सहित बेहतर काम करने वाली कप्तानों ईशा चंद, अनम, नीलम, रोशनी राणा व मनीषा मौर्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रोमा गुहा, डॉ.हीरा अन्ना, डॉ. आरएस नेगी, दिनेश भट्ट, नरेश लाल आदि मौजूद थे।

काशीपुर की गीता बनीं मिसेज इंडिया

काशीपुर : आवास विकास निवासी गीता सागर ने मिसेज इंडिया का खिताब हासिल किया है। 31 मार्च रविवार की रात को जयपुर में आयोजित इंटरनेशनल ब्यूटी प्रेजेंट दीवालिशियस प्रतियोगिता में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.आरबी लाल सागर की पुत्री आवास विकास निवासी गीता सागर मिसेज इंडिया यूनिवर्स 2024 चुनी गईं। डॉ. आरबी लाल सागर ने बताया कि दिवालीशियस मिसेज इंडिया यूनिवर्स आर्गेनाइजेशन के सीईओ नरेश मदान ने उन्हें मिसेज इंडिया यूनिवर्स का ताज पहनाया। इससे पूर्व में गीता सागर ने वर्ष 2022 में गुरुग्राम में आयोजित टिस्का मिस एंड मिसेज इंडिया शो में मिसेज उत्तराखंड गोल्ड का खिताब जीतकर अपने नाम किया था। गीता सागर यहां अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में सहायक मैनेजर और सागर पब्लिक स्कूल की सचिव हैं।

150 से अधिक चिकित्सकों का अनुबंध खत्म

अल्मोड़ा : मार्च का महीना समाप्त होते ही स्वास्थ्य विभाग की परेशानी अब बढ़ गई है। जिले के अलग अलग अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रहे जिले के करीब डेढ़ सौ से अधिक चिकित्सकों का विभाग से अनुबंध 31 मार्च को ही समाप्त हो गया है और एक अप्रैल से इन चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त हो गई हैं। ऐसे में अब जिले भर में चिकित्सा सेवाओं के चरमराने का अंदेशा बना हुआ है।

अल्मोड़ा जिले के विभिन्न अस्पतालों में वर्तमान समय में चिकित्सकों के करीब तीन सौ पद स्वीकृत हैं। लेकिन जिले के पदों के सापेक्ष चिकित्सक तैनात नहीं हो पाए। जिस कारण जिले के अस्पतालों में चिकित्सकों के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे थे और कई अस्पताल महज रेफरल सेंटर साबित हो रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरसी पंत ने बताया कि अनबुध की प्रक्रिया में कुछ समय लगेगा, लेकिन शीघ्र ही सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जाएगी।

दिनेशपुर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों की चेकिंग करते एफएसटी मजिस्ट्रेट।

एफएसटी मजिस्ट्रेट ने की चारपहिया वाहनों की चेकिंग

दिनेशपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को एफएसटी मजिस्ट्रेट डॉ. संदीप कुमार पांडे ने दिनेशपुर, चक्कीमोड़ व गूलरभोज ग्रामीण क्षेत्रों में चारपहिया वाहनों की चेकिंग की। टीम को चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई ऐसी सामग्री प्राप्त नहीं हुई जो चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के विरुद्ध हो। चेकिंग टीम में हेड कांस्टेबल नारायण रावल, श्याम प्रसाद, वीडियोग्राफर योगेश कुमार, चालक मनजीत सिंह आदि शामिल रहे।

गदरपुर में 149064 मतदाता देंगे वोट

पत्रकार वार्ता करते उप जिलाधिकारी गौरव पांडे।

गदरपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने बताया कि 149064 लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने 19 अप्रैल को लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। गदरपुर पंजाबी कालोनी वार्ड नंबर 07 की 105 वर्षीय वृद्धा भी इस चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगी। सोमवार को तहसील स्थित अपने कार्यालय में उपजिलाधिकारी गौरव पांडे ने बताया। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। 65 गदरपुर विधान सभा में कुल 164 बूथ बनाए गए हैं। इसमें दो सखी एवं दो मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इस मौके पर तहसीलदार लीना चन्द्र मौजूद थीं।

वर्ग पहेली-27

बाएं से दाएं

1.1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा

2.1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति

4.1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है

5.1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।

7.1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।

8. गौरैया पक्षी का नर,गौरा।

ऊपर से नीचे

2.1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।

3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।

4.1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।

6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।

7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



वर्ग पहेली -26 का हल

1 ब	ज	वा	ई			
ढ़				2 सं	चि	3 ति
नी		4 अ		दू		र
	5 इ	म	ला	क		हु
6 लां		री		ड़ी		ति
7 छ	टं	की				
न			8 प	ख	वा	ड़ा

सुडोकू-106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6					7		2	
	8				9		3	
			8			1		
9		4						2
		7				6		
5					3			9
	1	3			8		6	
	9		4				8	
			2					7

सुडोकू -105 का हल

1	3	2	7	6	9	4	8	5
4	7	8	1	5	3	9	6	2
9	5	6	2	8	4	7	3	1
6	8	1	4	9	5	3	2	7
3	9	7	6	2	1	5	4	8
5	2	4	8	3	7	6	1	9
2	6	3	9	7	8	1	5	4
8	4	9	5	1	6	2	7	3
7	1	5	3	4	2	8	9	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20 .08 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22 .49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

मिथुन — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

कर्क — आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

सिंह — आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

कन्या — आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

तुला — आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

धनु — आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

मकर — आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

कुंभ — आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

मीन — आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **शक्तिमान** — सुबह : 08 .17
- **थैंक गोल्ड** — शाम : 05 .51

&pictures
- **लिंगा** — सुबह : 10 .58
- **समय 2** — रात : 07 .30

SONY PIX
- **वर्टिकल लिमिट** — दोपहर : 02 .43
- **एज ऑफ टूमारो** — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- **गंगाजल** — दोपहर : 12 .10
- **भोला** — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- **वन टू का फोर** — सुबह : 08 .12
- **राजा हिन्दुस्तानी** — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?

बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।

सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!

बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...

राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.

डॉक्टर- शराब पीते हो?

राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंनगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैः एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

प्रसंगवश

विदेशी संबंध और भारत

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है, जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कमी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधु, बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें? और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

सोशल फोरम

एलुमनाई अब एक नई जाति है

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

संजय वर्मा
इंदौर

-फेसबुक वॉल से

अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

मयूर नृत्य-नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक-सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएंः

एक गिलहरी का अध्यवसाय-प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ-काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष -काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः। विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः, प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं।

मयूर नृत्य-नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक-सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित-कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ-अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

एक नजर

मतदाता जागरूकता को डीएम ने किया गीत लांच

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी हो सके, इसके लिए जिले की स्वीप टीम द्वारा चुनाव आया है नाम से एक गीत तैयार किया है। जिसे सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने लांच किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, मुख्य शिक्षा अधिकारी एडी बलोदी समेत स्वीप टीम के सदस्य मौजूद रहे।

नशे में कार चला रहा चालक दबोचा, वाहन सीज

अल्मोड़ा : चेकिंग अभियान के तहत चौखुटिया थाने के थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सदेंह होने पर ऑल्टो कार को रोका। चेकिंग के दौरान कार चालक मनीष गोस्वामी निवासी ग्राम सिरौली, चौखुटिया शराब के नशे में धुत्त पाया गया। पुलिस ने कार चालक को मोटर वाहन अधिनियम में चालान कर कार को सीज कर दिया है।

पिथौरागढ़ के चालक का शव मिला

टनकपुर : टनकपुर उपजिला अस्पताल के बाहर पिथौरागढ़ के एक चालक का शव पड़ा मिला। हादसे की वजह हृदय गति रुकना बताया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह उपजिला अस्पताल के बरामदे पर एक अधेड़ पड़ा मिला। वार्ड बॉय की सूचना पर उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि अधेड़ की पहचान देवलथल, पिथौरागढ़ निवासी 55 वर्षीय लालू राम पुत्र स्व.केशर राम के रुप में हुई है। बताया कि मृतक टनकपुर में ट्रांसपोर्ट में चालक के रुप में काम करता था। बताया कि अधेड़ की मौत हृदय गति रुकने से होना प्रतीत हुआ है। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। डॉ.मानवेंद्र शुक्ला ने बताया कि अधेड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

राजस्व उप निरीक्षक को दी विदाई

बैरती (अल्मोड़ा)। तहसील चौखुटिया के राजस्व क्षेत्र महाकालेश्वर-नौगांव से सेवानिवृत्त राजस्व उप निरीक्षक नंदन सिंह करायत को चित्रेश्वर में गांव वालों ने सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर गैराड़ के पूर्व प्रधान महेश चंद्र आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता बालम सिंह, मदन उपाध्याय, कमलाकान्त, जमन सिंह, ओम प्रकाश, गोपाल सिंह, योगेश बिष्ट, दयाल सिंह एवं लोकेश पांडेय आदि ग्रामीण मौजूद रहे। करायत ने भी क्षेत्र वासियों द्वारा उनको दिये गये सहयोग एवं भाईचारे के लिए उनका धन्यवाद अदा किया।

देश के विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प

लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री धामी ने जनसभा को संबोधित किया, पांचों सीटों पर जीत का दावा

सल्ट के देघाट में प्रत्याशी अजय टम्टा के लिए समर्थन मांगते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

देघाट में आयोजित जनसभा में मौजूद क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देश के विकास के लिए भाजपा के अलावा अब और कोई विकल्प सामने नहीं रह गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के करीब है।

पीएम मोदी की इस कार्य कुशलता से देश ही नहीं विदेशों में रहने वाले लोग भी खासे प्रभावित हैं, इसलिए पीएम मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार को रोकने के लिए अब कोई ताकत शेष नहीं रह गई है। यह बात प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा लोकसभा की सल्ट विधानसभा के देघाट में पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश में पीएम मोदी की सरकार आने के बाद से अनुच्छेद 370 को जम्मू कश्मीर से हटाया गया।

भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के बीच पहुंचाया गया। इतना ही नहीं राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक संहिता जैसे निर्णय लेकर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि इस सरकार में देश हित के लिए बड़े फैसले लेने की हिम्मत है। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी हर वर्ग के कल्याण के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं। जिनका लाभ आज लोगों को मिल रहा है। धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धर्मांतरण, समान नागरिक संहिता, लैंड जैहाद जैसे बड़े फैसले लेकर हर वर्ग को उनका लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। सीएम धामी ने कहा कि देश का यह पहला चुनाव है, जिसका परिणाम जनता को पहले से पता है। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के लोगों से लोकसभा के उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में मतदान की अपील भी की। धामी ने कहा कि यहां की जनता पांचों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने का संकल्प ले चुकी है। सभा को लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा व सल्ट के विधायक महेश जीना ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, संयोजक शिव सिंह, प्रेम शर्मा, कुंदन लाल, देवीदत्त शर्मा, भगवत बोरा, गुड्डी देवी, नरेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, गौरीदत्त, टीडी शर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की चार को पिथौरागढ़ में होगी जनसभा

अल्मोड़ा : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चार अप्रैल को पिथौरागढ़ में लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर आयोजित भाजपा की बैठक को संबोधित कर पार्टी के जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने बताया कि पार्टी के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार रादष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा चार अप्रैल को देव सिंह मैदान में आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया। बैठक में लोकसभा प्रभारी सुरेश भट्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, दर्जामंत्री गणेश भंडारी, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, मीना गंगोला, निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, उमेश महर, रघुवीर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

शत-प्रतिशत मतदान करने पर दिया जोर

संवाददाता, टनकपुर

- स्वीप अभियान के तहत बाजार में व्यापारियों से संपर्क किया
- अभियान के तहत मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

अमृत विचार : स्वीप अभियान चम्पावत द्वारा टनकपुर के मुख्य बाजार में व्यापारियों से संपर्क कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया गया।

इस दौरान एक जागरूक नागरिक होने के नाते एक दूसरे से संपर्क कर उन्हें मतदान बूथ तक लाने का आह्वान किया। दुकानों में आए ग्राहकों को मतदाता जागरूकता के तहत शपथ दिलाई गई, और उन्हें जागरूकता पोस्टर वितरित किए गए। स्वीप टीम ने 19 अप्रैल को होने वाले प्रथम चरण के मतदान में प्रतिभाग करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाने व निष्पक्ष तथा भय मुक्त होकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान बूथ में जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अन्य को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

इस दौरान सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। स्वीप टीम टनकपुर द्वारा खन्ना मार्किट, राजा राम चौराहा सहित संपूर्ण बाजार में संपर्क किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप समन्वयक त्रिलोचन जोशी, विनोद गहतोड़ी, अर्पित शर्मा, कल्पना आर्य मौजूद रहे।

टनकपुर में व्यापारियों को मतदान के लिए किया गया जागरूक। ● अमृत विचार

चम्पावत में कार्यक्रम का उद्घाटन करते एसएसबी के डीआईजी बीएन बांबे।

एसएसबी ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : जिला मुख्यालय के बाजारीकोट में स्थित एसएसबी की पंचम वाहिनी का 61वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जवानों, महिलाओं और बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

एसएसबी के क्षेत्रीय मुख्यालय अल्मोड़ा के डीआईजी बीएन बांबे ने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने पंचम वाहिनी की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना कर जवानों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान वाहिनी के खेल मैदान में आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी लगाने के साथ ही खाने-पीने सहित अन्य प्रकार के स्टॉल लगाए गए।

महिलाओं और बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। वाहिनी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालन संजीव नाथ ने किया। इस मौके पर द्वितीय कमांडेंट अमित कुमार, डिप्टी कमांडेट हेमंत कुमार, नितिन कुमार सिंह, डॉ. घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।

कई प्रांतों के 16 यात्रियों ने किए ओम पर्वत के दर्शन

- पीएम मोदी की यात्रा के बाद से देश भर के लोगों में बढ़ रहा क्रेज
- गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, दिल्ली और हरियाणा से पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओम पर्वत की यात्रा करने के बाद से देश भर के श्रद्धालुओं में इस यात्रा को लेकर क्रेज बढ़ रहा है।

पीए मोदी की इस यात्रा के बाद प्रदेश सरकार और उत्तराखंड टूरिज्म के सहयोग से संचालित हेली दर्शन योजना के तहत सोमवार को सीमांत जिले पिथौरागढ़ की नैनी सैनी हवाई पट्टी से देश के विभिन्न प्रांतों के 16 श्रद्धालुओं ने एमआई 17 हेलीकॉप्टर से उड़ान भरकर आदि कैलाश, ओम पर्वत और ज्योलिंगकांग के दर्शन किए। यह सभी श्रद्धालु गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, दिल्ली और हरियाणा से इस यात्रा में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे थे। सोमवार को सीमांत जिले पिथौरागढ़ की नैनीसैनी हवाई पट्टी से हेली दर्शन की इस पहली यात्रा का आगाज हुआ। यात्रा शुरू होने से पूर्व देश के विभिन्न प्रांतों से आए इन श्रद्धालुओं में इस यात्रा के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया। रुद्राक्ष एविएशन, ट्रिप टू टैंपल और केएमवीएन के सहयोग से संचालित इस यात्रा के लिए सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास एमआई हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी।

नौ पुरुष और सात महिला श्रद्धालुओं को इस दौरान करीब दो घंटे आदि कैलाश और ओम पर्वत की हवाई यात्रा कराई गई। यात्रा से लौटने के बाद भी श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह था। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने आदि कैलाश और ओम पर्वत के पहली बार दर्शन किए, जिससे वह काफी अभिभूत हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि वह अपने इस अनुभव और भगवान शंकर के निवास स्थल आदि कैलाश की जानकारी अपने शहर के लोगों को देंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इस यात्रा में शामिल हो सकें। इस मौके पर नैनी सैनी एअरपोर्ट बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस दौरान जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और एअर अथॉरिटी के प्रयासों की भी जमकर सराहना की। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र ने बताया कि सीमांत जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की तमाम संभावनाएं हैं, इसलिए इस योजना से शीघ्र स्थानीय होम स्टे संचालकों को भी जोड़ा जाएगा।

जिसे पलायन के साथ साथ बेरोजगारी की समस्या भी दूर हो सकेगी। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि सोमवार की सफल यात्रा के बाद अब दूसरा बैच तीन अप्रैल को आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को उड़ान भरेगा। यात्रा दल में संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार, व्यासदेव राणा, जनकृत आचार्य, आचार्य एकता, यवन मेहता, भावनाबेन मेहता, रमाबेन रावल, जिगनेषा रावत, आनंद गोखले, अपूर्व गोखले, अर्पणा गोखले आदि शामिल रहे।

उड़ान से पूर्व नैनी सैनी हवाई पट्टी पर मौजूद दल के उत्साहित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

15 अप्रैल से शुरू होगी पांच दिवसीय यात्रा

अल्मोड़ा : उत्तराखंड टूरिज्म और केएमवीएन के सहयोग से अब पंद्रह अप्रैल से प्रदेश सरकार की पांच दिवसीय हेली यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इस यात्रा के तहत पहले दिन श्रद्धालुओं को दिल्ली से पिथौरागढ़ की यात्रा सड़क मार्ग से कराई जाएगी। दूसरे दिन श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर से गुंजी ले जाया जाएगा। जबकि तीसरे दिन श्रद्धालु गुंजी से ज्योलिंगकांग तक की हवाई यात्रा करेंगे। इस दौरान उन्हें एटीबी के माध्यम से पार्वती सरोवर, शिव पार्वती मंदिर और आदि कैलाश के दर्शन का मौका मिलेगा। चौथे दिन श्रद्धालु गुंजी से नाबीढ़ांग तक हवाई यात्रा करेंगे और वहां उन्हें ओम पर्वत के दर्शन कराए जाएंगे। रात्रि विश्राम नाबी, गुंजी और नपल्ट्यू में कराया जाएगा। पांचवें दिन श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से गुंजी से पिथौरागढ़ वापस पहुंचेंगे।

पूर्णागिरि मार्ग पर मैक्स की चपेट में आने से बच्ची की मौत, मां जख्मी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को अपने मां के साथ जा रही एक बच्ची को मैक्स वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि मां बुरी तरह जख्मी हो गई।

घटना रविवार रात की है। उप जिला अस्पताल टनकपुर में डॉ. आफताब आलम ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के सिर व सीने में चोट लगी थी। खून बहने से मौत हो गई। रविवार की रात्रि ठूलीगाड़ से पूर्णागिरि के दर्शन को पैदल जा रहे सदावति देवी 2 वर्षीय पुत्री काव्या निवासी ग्राम याकूतपुर थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश को गोद में ले जाकर पैदल दर्शन को जा रही थी। तभी भैरव मंदिर से ठुलीगाड़ के लिए तेजगति से आ रही मैक्स वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बच्ची नीचे गिर गई साथ ही मां भी अलग गिर गई। दोनों को उप जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

काव्या (फाइल फोटो)

पर्वतीय सभा के ललित अध्यक्ष और जितेंद्र बने महामंत्री

रामनगर : पर्वतीय सभा लखनपुर रामनगर के त्रैवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव में ललित मोहन जोशी को अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह बिष्ट को महामंत्री, हेम चंद्र पांडे व बीना रावत को उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दीपक जोशी, सहायक चुनाव अधिकारी ज्योति बिष्ट व गणेश चंद्र ने बताया कि अध्यक्ष पद पर ललित जोशी 102 मत पाकर विजयी रहे। जबकि उपाध्यक्ष पद पर हेम चंद्र पांडे, बीना रावत व महामंत्री पद पर जितेंद्र सिंह बिष्ट विजयी रहे। इसके अलावा प्रदीप पांडे को सांस्कृतिक मंत्री, निखलेश उपाध्याय व दिनेश जोशी को संरक्षक, गौरव तिवारी, जगदीश चंद्र लोहनी, मंशा राम जोशी को उपमंत्री, पंकज सत्यवली व गणेश कुमार को प्रचार मंत्री, बालम सिंह बिष्ट को सम्प्रेक्षक चुना गया। साथ ही नवीन तिवारी, बालम सिंह डंगवाल, दया किशन सुयाल, भावना भट्ट, भाष्कर पपनै, भवानी शंकर त्रिपाठी, मंजू जोशी, बीएस डंगवाल, नवान चन्द्र तिवारी, भुवन चन्द्र शर्मा, चन्द्रशेखर पंत को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

ललित मोहन जोशी

जितेंद्र सिंह बिष्ट

बीना रावत

हेम चंद्र पांडे

देहरादून

मुख्य सचिव ने कार्यों की समीक्षा की

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी प्रोजेक्ट अतिरिक्त वित्तपोषण (यूडीआरएफएफ) तथा उत्तराखंड आपदा तैयारी एवं लचीलापन परियोजना की उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उक्त प्रोजेक्ट के तहत किए गए सभी कार्यों, ऋण अदायगी तथा प्रगति रिपोर्ट आदि सभी एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी प्रोजेक्ट अतिरिक्त वित्तपोषण (यूडीआरएफ एफ) का उद्देश्य राज्य में आवास, ग्रामीण सम्पर्क बहाल करना तथा सामुदायिक क्षमता निर्माण करने के साथ किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में राज्य की संस्थाओं की त्वरित प्रतिक्रिया हेतु तकनीकी क्षमता बढ़ाना है। बैठक में सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

देहरादून में यूडीआरएफएफ की बैठक लेतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी। ● अमृत विचार

जंगलों को आग से बचाने की अपील कर रहे किशन

बागेश्वर : इन दिनों जहां गांव गांव चुनावी राजनैतिक चर्चा है तो वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रंगकर्मी 62 वर्षीय किशन सिंह दानू ग्रामीणों से जंगलों को आग से बचाने की अपील कर रहे हैं। उनकी ओर से जंगलों के महत्व को समझाया जा रहा।

मूल रूप से कपकोट के कुंवारी निवासी किशन सिंह दानू सुबह किसी भी जंगल के पास बसे गांव में चले जाते हैं तथा वहां जाकर ग्रामीणों से संपर्क करके जंगलों के लाभ बताते हैं। साथ ही इससे होने वाले नुकसान की जानकारी देते हैं। यदि किसी गांव में इनको लोग सुनते नहीं हैं तो वह अपने साथ रखे हुड़के को बजाकर जनता को आकर्षित करते हैं।

नारद मोह के मंचन ने मोहा मन

- सांस्कृतिक उत्थान मंच में महिलाओं की रामलीला शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हीरानगर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में महिला रामलीला की शुरुआत हो गई है।

सोमवार को पहले दिन रामलीला में नारद मोह और रावण, कुंभकरण, विभीषण को भगवान शिव का वरदान प्राप्त होने की लीला का मंचन हुआ। नारद मोह के मंचन में नारद का अभिनय हेमलता तिवारी, इंद्र का तारा नेगी, रावण का रीता धरमवाल, विष्णु का मानसी रावत, लक्ष्मी का तेजस्विनी, कुंभकरण का दीप्ति चुफाल और मीनू जोशी ने विभीषण का अभिनय किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया और प्रमोद तोलिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

वहीं रामलीला का प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी किया गया। आयोजक लता बोरा ने बताया कि रामलीला का निर्देशन वरिष्ठ निदेशक दया किशन लोहनी व मनोज नेगी और ग्रीन रूम की जिम्मेदारी हरीश कनवाल संभाल रहे हैं। रामलीला में एक साल से लेकर 75 साल आयु वर्ग की कुल 65 महिला कलाकार अभिनय कर रही हैं।

हीरानगर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

अस्पताल में डॉक्टर फार्मासिस्ट और गार्ड को पीटा

हरिद्वार : बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल अस्पताल में कुछ लोगों ने डॉक्टर, फार्मासिस्ट और सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट की। साथ ही अस्पताल में उपकरणों से तोड़फोड़ करने तथा डॉक्टरों को जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि आरोपियों ने बेरहमी से डॉक्टर और स्टाफ के साथ मारपीट की। आरोपी रॉड और अन्य हथियार लेकर इमरजेंसी में घुसे और मारपीट की।

बीएलओ से वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप प्राप्त कर लें मतदाता

ब्यूरो, देहरादून

- राज्य में अब तक 10.71 करोड़ की सामग्री व नगदी जब्त कर चुका है ईएसएमएस

अमृत विचार : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पिछले 16 दिनों की अवधि में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से अभी तक 10.71 करोड़ मूल्य की जब्ती की जा चुकी है।

जिसमें पुलिस ने 5.29 करोड़, इनकम टैक्स द्वारा 4.95 करोड़, आबकारी विभाग द्वारा 39 लाख मूल्य की जब्ती की गई। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अभी तक कम्पोनेंट वाइज सीजर में 3.59 करोड़ का कैश, नारकोटिक्स, ड्रग्स और एनडीपीएस के तहत 2.55 करोड़ मूल्य की जब्ती, आबकारी के मामले में 1.86 करोड़ मूल्य की जब्ती तथा 2.70 करोड़ मूल्य की अन्य सामग्रियों की जब्ती की गई है। हरिद्वार जिले में सबसे अधिक 6.80 करोड़ मूल्य की तथा नैनीताल में 1.01 करोड़ मूल्य की जब्ती की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचक नामावलियां तैयार होने के उपरांत सभी 11 हजार 729 बूथों पर वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप बांटने की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। सभी बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर तक जाकर वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप बांटने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने राज्य के सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे अपने वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप प्राप्त करें, यदि कहीं बीएलओ से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है तो संबंधित एआरओ को सूचित करें।

धर्म दर्शन

भारत में देवीपूजा का बहुत प्राचीन इतिहास है। लोक परंपरा में भी और वेद-परंपरा में भी। अनेक अध्येताओं ने देवीपूजा के इतिहास में समाज के विकास के सोपानों की पहचान की है। श्रीदेवीप्रसाद चट्टोपाध्याय ने अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखी थी- लोकायत! उसमें एक निबंध का शीर्षक है, गौरी। उन्होंने लोकपरंपरा में देवीपूजा का क्रमविकास सभ्यता के तीन चरणों प्रस्तुत किया है। मृगया-जीवी, गोचारण और कृषिजीवी। उनका मत है कि-चंडी की परिकल्पना मृगया-जीवी संस्कृति की परिकल्पना है। जबकि-महिषासुरमर्दिनी की परिकल्पना गोपसंस्कृति की परिकल्पना है। महीमाता और अन्नपूर्णा कृषि से संबंधित है।



लोकपरंपरा और देवीपूजा

श्री देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मान्यता है कि कबीला-मनोभूमि में नारी-सत्ता या मातृसत्ता का प्राधान्य होता है। वे कहते हैं कि गौरी कृषि की देवी हैं। शस्यपार्वती। वे मानते हैं कि नारी-देवता या देवियां अपने मूल-रूप में कबीलों की देन हैं। उन्होंने बीली, मग्गा, डोम गदवा, ओक्काल, गोल्ला, हाड़ी, हल्लीकर, हेलवा, इडिगा आदि देवियों के नाम भी उद्धृत किये हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

देवीपूजा के इतिहास पर आचार्य कुबेरनाथ राय ने एक महत्त्वपूर्ण शोधनिबंध लिखा था देवी। उन्होंने विंध्याचल के परिवेश का अध्ययन किया और बतलाया है कि पर्वत पर स्थित अष्टभुजा का मन्दिर आभीरकुल की देवी है।

यशोदागर्भ-संभवा के रूप में सप्तशती में इसका उल्लेख है-कालीखोह का मन्दिर निषाद-कुल का है, जहां आज भी पुरोहित निषाद ही है, ब्राह्मण नहीं। आचार्य कुबेरनाथ राय कहते हैं कि विन्ध्यारण्य किसी जमाने में महिषारण्य था। आदिम निषादों ने ही जंगली महिषा को पालतू बनाया और उसका दूध दुहा था। उनका कथन है कि आदिम-निषाद ने कहीं महिष को मित्रभाव से देखा है तो कहीं शत्रुभाव में उसे असुर-रूप में। चंडी मूलतः शिकार की देवी है। उनकी मान्यता है कि महिषासुर-मर्दिनी की परिकल्पना इसी आदिम-निषाद की देन है। उन्होंने महाराष्ट्र के कुछ गड़रिये-कबीलों में देवीपूजा का उदाहरण दिया है, जिसमें मातृकाएं महिष की पत्नियां हैं। जैसे जोगुबाई का पति है, म्हतो बा। यह महिष-देवता है। देवी के गीत, देवी-अष्टमी पर अम्माजी ने पार-परौसिनों को देवी के गीतों का बुलावा भेज दिया। संध्या घिरने लगी है, गोधूलि की वेला हो गई है। अब बैयरबानी एक-एक कर आने लगी हैं, ढोलक बजने लगी है, अब सब जने सुर में सुर मिलाओ-

देवी हमारे घर आई झटक कें मैं पैयां लागूं/ कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/लिपौ रे देख देवी मेरे घर आयी, पुतौ रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/हलुआ-पूरी देख देवी मेरे घर आई, चना रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/ गूगुर रे देख देवी मेरे घर आई, लोंग देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं-

देवी मैया से साक्षात्कार हो रहा है! आप देखिये न, इन सभी को मां के वात्सल्य का सानुभव हो रहा है। मैया भी आ ही गयी हैं। ये सब पैरों लग रही हैं। एक दूसरी से पूछती है, री, तेरे यहां ऐसा क्या है, जिसे देख कर मां आ गयीं? वह उत्तर दे रही है कि मैया ने देखा कि घर लिपा है, पुता है, मैया ने देखा कि यहां गूगुर और लोंग का जोड़ा है, मैया ने देखा कि यहां हलुआ है, पूड़ी है और चना की दाल भी है, बस और मैया को क्या चाहिये था। मैया ने प्यार देख लिया, तो उसे आने में कितनी देर लगनी थी? आ गई!

स्वच्छता की देवी हैं मां शीतला

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि तक आकाश में चन्द्रमा का स्वरूप आधा हो जाता है। इसका निहितार्थ है कि जीवन के आकाश में उज्ज्वल पक्ष अधूरा हो जाए और अंधकार की ओर जीवन बढ़ता दिखाई पड़ने लगे तथा चित्त में व्याकुलता आने लगे तो मन की प्रवृत्तियों को शीतल बनाने का भाव जागृत करना चाहिए क्योंकि इस स्थिति में असमंजस, असन्तुलन, असमर्थता बढ़ने की संभावना होती है। ऋषियों ने माता शीतला के हाथ में सफाई का उपकरण झाड़ू एवं वाहन के रूप में गर्दभ (गधा) चित्रित किया है। धर्मग्रंथों में स्वच्छता की महत्ता प्रतिपादित की गई है। कहा गया है कि स्वच्छता में भगवान विष्णु और लक्ष्मी निवास करती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यह तो बाह्य जगत की बात है। आंतरिक जगत में काम, क्रोध, मोह और लोभ जैसी गंदगी आने लगे तो व्रत-उपवास आदि के विधान बताए गए हैं। लोकमान्यता है कि चेचक की बीमारी से मुक्ति के लिए शीतला माता की पूजा की जाती है। माताएं चेचक आदि से बचाव के लिए सप्तमी तिथि को व्रत रहकर अष्टमी को माता शीतला की पूजा करती हैं। माता शीतला का वाहन गर्दभ (गधा) सरल भाव एवं मेहनती जानवर है। गधे के इन खास स्वभाव के चलते माता शीतला के सान्निध्य में उसे स्थान मिला। हर जीव में कुछ खासियत तथा कुछ कमियां होती हैं। खासियतों को अपनाने का भी सन्देश इस दृष्टांत से मिलता है।

महान शिवभक्त था रावण

राक्षसों से संबंधित 'शिवपुराण' की एक रोचक कथा के अनुसार, राक्षस भाईयों हेति और प्रहेति को इस समुदाय का नेतृत्व सौंपा गया था। हेति ने अपने राज्य के विस्तार के लिए काल की बेटी 'भया' से विवाह किया। दोनों का पुत्र विद्युत्केश था। उसकी पत्नी सालकंटका एक दुराचारिणी स्त्री थी। उस व्यभिचारिणी ने अपने नवजात पुत्र को लावारिस छोड़ दिया था। पिता विद्युत्केश ने भी न जाने किसकी संतान है, नवजात को निराश्रित छोड़ दिया। मां पार्वती और भगवान शिव ने दया कर उस अनाथ बालक का संरक्षण सुनिश्चित किया। अबोध बालक के परित्याग से नाराज पार्वती जी ने संपूर्ण राक्षस जाति को ही शाप दिया कि भविष्य में राक्षसियों के गर्भधारण की अवधि कम होगी और जन्म लेते ही मां के समान हो जावेगा, एवं उसका शरीर विकराल और भयानक तथा आकर्णहीन होगा। शिव पार्वती द्वारा उसका नाम सुकेश रखा गया। भगवान शिव के द्वारा प्रदत्त संरक्षण और दिव्य विमान ने उसको दुस्साहसी एवं निर्भीक बना दिया। उसने गंधर्व कन्या देववती से विवाह कर क्रमशः तीन पुत्रों माल्यवान, सुमाली और माली को उत्पन्न किया। इन तीनों ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या कर उनसे शत्रुओं पर विजय एवं परस्पर अटूट स्नेह बंधन का वरदान प्राप्त किया। इन्होंने ने ही त्रिकूट पर्वत के निकट समुद्र में देव शिल्पी विश्वकर्मा से लंकापुरी का निर्माण करा कर उसे अपनी सत्ता का केन्द्र बनाया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

शक्तिशाली बनते ही उनकी संततियों में मूल्यवान को वज्र, मुष्टि, विरूपाक्ष, दुर्मुख, सप्तवहन, यज्ञकोप, मत्त, उन्मत्त, आठ पुत्र और अनला नामक पुत्री हुई। सुमेरी के दस पुत्र प्रहस्त, अकंपन, विकट, कालिकामुख, धूम्राक्ष, दंड, सुपार्श्व, सह्राद्रि, प्रथम, एवं भास्कर तथा राका, पुड्योत्कटा, किसकी और कुम्भीनसी नामक पुत्रियां हुईं। इनमें कैसकी रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और शूर्पणखा की मां थी। कैकसी के निकषा तथा केशिनी नामान्तर थे। अपने पिता की आज्ञा से किसकी ने महर्षि पुलस्त्य के पुत्र ऋषि विश्व श्रवाको पति चुना था। माली के चार पुत्र क्रमशः अनल, अनिल, हर और संपाति हुए। रावण वध के उपरांत राजा बने विभीषण के ये चारों मंत्री बने।

एक श्रेष्ठ ब्राहमण कुल में उत्पन्न रावण, एक कुशल राजनीतिज्ञ, महान योद्धा, कुशल सेनानी एवं बहुभाषाभाषी और श्रेष्ठ प्रशासक होते हुए भी महान् शिवभक्त भी था। मातृपक्ष के नानाओं के प्रभाव में उसने राक्षसों का नेतृत्व स्वीकार किया।

अपनी राजनीतिक-रणनीतिक सूझ-बूझ और सैन्य शक्ति के बल पर असुरों राक्षसी शक्ति को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। अतुलनीया शक्ति ने उसे गर्वोन्मत्त, दम्भी, अहंकारी, क्रूर, अत्याचारी और नारी सम्मान शोषक बना दिया। उसके अहंकार ने उसकी विवेक क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर बैठा। उसने न केवल अपने पिता महर्षि विश्रवा तथा सौतेली माता देववर्षिणी से उत्पन्न पुत्र अपने सौतेले अग्रज भगवान शिव के परमभक्त कुबेर को अपमानितकर उनसे अपने नानाओ की लंका राज छीना वरन् उनके दिव्य "पुष्पक विमान" को भी छिन लिया। यही नहीं वहतो अपने आराध्य को ही बलपूर्वक कैलाश से लंका में बसाने की असफल धृष्टता कर बैठा। उसके पक्षपातपूर्ण आचरण ने वानर मानव समूह को लंका परित्याग कर समुद्र पार भारत में किष्किन्धापुरी को राजधानी बना, वहां अपना स्वतंत्रराज्य स्थापित करने को प्रेरित किया।

पराक्रमयुक्त वरुणदेव

अग्नि, सोम, सविता, सरस्वती, पूषा, बृहस्पति, इंद्र, ऐश्वर्य, अर्यमादेवता तथा पुण्य-पाप के विभाग करने वाले देवों के निमित्त ये आहुतियां दी जाती हैं। जैसे आप ऐश्वर्यों के प्रकाशक हैं, उसी प्रकार हम भी आपके सामान कांतिमान हों। हे कुशद्वय! जिस प्रकार सूर्य रश्मियों से जल पवित्र होकर ऊपर जाता है, उसी तरह हम आप दोनों को उन्नत करें। तपः शक्ति से राजा का पद देने में आप समर्थ हैं, अतः राज्य का ऐश्वर्य प्रदान करें। इसके लिए यह आहुति आपको समर्पित है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

समस्त मानव समुदाय इस सूक्ष्म वातावरण का संरक्षण करें। इसे गृह पालक अग्निदेव, यशस्वी इंद्रदेव, व्रतधारी मित्र एवं वरुणदेव, सर्वज्ञाता पूषादेव, समस्त विश्व का कल्याण करने वाले पृथ्वीलोक तथा द्युलोक, तथा सुखस्वरूप देवमाता अदिति भी जानें अर्थात् इसकी रक्षा करें।

हे यजमान! आपको चंद्रमा की कांति से, अग्नि के तेज से तथा इंद्रदेव के बल से हम अभिषिक्त करते हैं। आप शौर्यवान क्षत्रियों के क्षत्रपति बनें और हानि पहुंचाने वाली शक्तियों से प्रजा की रक्षा करें। हे देवों! महान क्षात्रबल के संपादन के लिए, श्रेष्ठ राज्यपद के लिए, महान जनराज्य के लिए, इंद्रदेव के समान ऐश्वर्यशाली बनने के लिए, शत्रुहीन, अमुक पिता के पुत्र, अमुक माता के पुत्र को प्रजापालन के लिए अभिषिक्त करें। हे प्रजाननों! यह आप लोगों को उल्लसित करने वाला राजा है और ये सोम हम ब्राह्मणों के राजा हैं।

हे प्रजापालक! इस संसार में आपके अतिरिक्त और कोई दूसरा स्वामी नहीं है। हम जिस कामना से आपके निमित्त यज्ञ करते हैं, वह पूर्ण हो। धर्माचरण और उत्तम व्यवस्था से हम ऐश्वर्यवान बनें। इस हेतु यह आहुति समर्पित है। हे पूज्य आदरणीय रुद्रदेव! आपका जो कल्याणकारी और असुरता का संहार करने वाला प्रलयंकारी स्वरूप है, उसके लिए यह आहुति समर्पित है। गृहपालक अग्नि, वनस्पतिरूपी सोम, मरुदगणों के ओज एवं इंद्रदेव के बल के निमित्त यह आहुति समर्पित है।

हे मातृभूमे! हम आपको कष्ट न दें, आप हमारा विनाश न करें। महान पुरुषार्थ युक्त, धर्मपालक, सबके अग्रणी, तेजस्वी अग्निदेव हमारी आहुति स्वीकार करें। आहुति प्राप्त करके आप सूर्य किरणों से बलशाली होकर सामर्थ्यवान राजाओं के मध्य इस यजमान को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। शुभ कर्मों के उत्पादक सवितादेव के दिव्यगुण से, वाणीरूपी सरस्वती से, प्रजापति के रूप से, पशुधन से युक्त पूषादेव से, वेदज्ञान से युक्त बृहस्पति देव से, राजारूप इंद्रदेव से, पराक्रमयुक्त वरुणदेव से, तेजस्वी अग्निदेव से, राजा स्वरूप सोमदेव से और पालनकर्ता विष्णुदेव (इन दस देवों)से प्रेरित होकर हम देवत्व के मार्ग पर बढ़ते हैं।

सार-संक्षेप

किशोरी को भगा ले गया युवक, परिजनों ने पकड़ा

मुरादाबाद : किशोरी को बहला फुसलाकर ले जा रहे युवक को पिता ने परिजनों के साथ रेलवे स्टेशन से दबोच लिया और थाने ले गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर मझोला थाना पुलिस ने समीर चौधरी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। मझोला थाना क्षेत्र की कांशीराम नगर चौकी क्षेत्र निवासी किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात उनकी 16 वर्षीय बेटी गायब हो गई। थोड़ी देर बाद ही पता चला कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आशियाना फेज-2 निवासी समीर चौधरी उसकी बेटी को बहला-फुसला कर अगवा करके ले गया है। परिवार के लोग बेटी को खोजते हुए रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे, जहां उनकी बेटी अपने प्रेमी के साथ मिल गई थी। फिर रात में ही इन दोनों को लेकर किशोरी के पिता व अन्य परिजन मझोला थाने पर पहुंच गए। पिता ने आरोपी समीर चौधरी के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी।

अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता की जिरह हुई। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी।

उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है कांग्रेस : भूपेंद्र सिंह

अमरोहा : भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। नामांकन के लिए केवल पांच लोगों को ही कलेक्ट्रेट में प्रवेश दिया गया। अमरोहा में कांग्रेस का प्रत्याशी बदलने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के कहा कि ये लोग कन्फ्यूज हैं। गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है। कहा कि घर परिवार में इस तरह का विरोध है तो कांग्रेस भी उससे अछूती नहीं है। कांग्रेस भी उसी दिशा में चलेगी। उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। पूरी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है।

यूपी में जल्द शुरू होंगे तीन नए हवाई अड्डे

लखनऊ : विमानन सुरक्षा को लेकर पिछले वित्तीय वर्ष में 700 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश में नए हवाई अड्डों से जल्द उड़ानें शुरू होंगी, साथ ही नए वित्तीय वर्ष में तीन नए हवाई अड्डों की अनुमित दी गई है। उक्त बात ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के 38वें स्थापना दिवस पर उपनिदेशक भुवन जोशी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विमानन क्षेत्र में सुरक्षा महत्वपूर्ण है और यह हवाई अड्डे के वातावरण में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने और अधिकतम हवाई अड्डे होने के कारण विमानन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के मामले में बीसीएएस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है। हमने विमानन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर 2023-24 में 700 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है और इस वर्ष यह संख्या और भी अधिक होगी।

गर्मी में 10 फीसदी बढ़ा एसी बसों का किराया

बरेली : रोडवेज की एसी बसों में सोमवार से 10 प्रतिशत किराया बढ़ा दिया गया है, जिससे दिल्ली और लखनऊ का सफर महंगा हो गया है। दरसअल, सर्दी में यात्री कम मिलने के कारण परिवहन निगम ने 10 फीसदी किराया कम कर दिया था, जो अब फिर बढ़ा दिया है। मुख्यालय ने 31 मार्च तक कम किए गए किराए के साथ एसी बसों का संचालन करने के आदेश दिए थे। अब एक अप्रैल से फिर से एसी बसों का किराया बढ़ा दिया गया है। बरेली से दिल्ली के लिए एसी बस का किराया 551 से बढ़ाकर 605 कर दिया है। बरेली से लखनऊ का किराया 522 से बढ़ाकर 575, गाजियाबाद का 527 से बढ़ाकर 579, मुरादाबाद का 209 से बढ़ाकर 229 और सीतापुर का 349 से बढ़ाकर 370 रुपये किराया कर दिया गया है। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सर्दी में मुख्यालय के आदेश पर एसी बसों में 10 प्रतिशत किराया कम कर दिया गया था। अब एसी बसों में सर्दी से पहले जो किराया था, उसे लागू कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश

49,824 अपराधियों के किए चालान पुलिस की नजर में 1877 हिस्ट्रीशीटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से पुलिस अपराधियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। अब तक 49,824 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान की कार्रवाई की है। यही नहीं, 27,000 से अधिक लोगों को पाबंद कर दिया है।

एसपी क्राइम/नोडल अधिकारी (चुनाव) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले की पुलिस ने अब तक 49,824 लोगों का सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) की धारा 107/16 में चालान कर चुकी है। इन सभी को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इन्हें कम से कम दो लाख या इससे अधिक धनराशि के तहत पाबंद किया जा रहा है। चालानी और पाबंद की कार्रवाई में 234 वह अपराधी भी शामिल किए गए हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में गुंडा अधिनियम की कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक चालानी व पाबंदी की कार्रवाई में उन सभी आरोपियों को शामिल किया गया है जो हिस्ट्रीशीटर, गोकश, संपत्ति संबंधी अपराध से जुड़े हैं या फिर अन्य अपराधों से जुड़े हैं। एसपी क्राइम ने बताया कि चालानी व पाबंद की कार्रवाई उन पर भी की जा रही है जो पिछले तीन वर्षों में जेल से छूटकर आए हैं और अपराध में सक्रिय है अथवा झगड़ा-फसाद करने में सक्रिय रहते हैं। ऐसे लोगों की संख्या करीब 7300 है। इनके विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए पुलिस ने उनका विवरण संबंधित थानों में भेज दिया गया है। इनमें कुछ ऐसे भी हैं, जो जेल से रिहा होने के बाद भी अपराध में सक्रिय हैं।

लापता 160 हिस्ट्रीशीटरों को खोज रही पुलिस

एसपी क्राइम ने बताया जिले में 1877 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 160 लापता हैं, जिन्हें पुलिस खोज रही है। इन सभी हिस्ट्रीशीटरों में जो अभी भी अपराध में सक्रिय हैं, उनके विरुद्ध गुंडा अधिनियम में भी कार्रवाई की जा रही है।

मुरादाबाद के लिए शुरू नहीं हुई उड़ान

लखनऊ, अमृत विचार : अब भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है।

बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने टर्मिनल 3 की वर्चुअल शुरुआत की थी। 12 मार्च से श्रावस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, लेकिन मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी। हवाई सेवा कब शुरू होगी, इसकी तिथि तय नहीं है।

पद्मावत एक्सप्रेस में लूटा महिला का बैग, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पद्मावत एक्सप्रेस में महिला यात्री की तीन बदमाशों ने बैग लूट लिया। बैग में लैपटॉप और अन्य सामान था। महिला ने लखनऊ में चारबाग स्टेशन पर शिकायत की। वहां से बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में शिकायत भेजी गई। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रताप विहार गाजियाबाद निवासी वैशाली सागर ने शिकायत की कि वह 26 मार्च की रात में 8:30 बजे गाजियाबाद से 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में बैठीं। उनका एस-3 कोच की बर्थ संख्या 28 पर आरक्षण था। रात में 12:30 बजे एक व्यक्ति मोबाइल की फ्लैश बार-बार उनके मुंह पर लगा रहा था। उन्होंने मना किया लेकिन वह नहीं माना।

बरेली आने पर कोच में एक और व्यक्ति चढ़ा और 26 नंबर बर्थ पर बैठा। इसके बाद दोनों आपस में झगड़ा करने लगे और दूसरा व्यक्ति वहां से चला गया। बरेली जंक्शन से ट्रेन निकलने के बाद आउटर पर गाड़ी रुकी, तभी सामने बैठे व्यक्ति ने फिर से उनकी आंखों में फ्लैश मारी। जब उन्होंने विरोध किया कि तभी बाहर से खिड़की खुली और हाथ से लैपटॉप वाला बैग दो लोगों ने छीन लिया। तीनों बदमाश आउटर पर ही उतरकर अंधेरे में भागे गए।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई अब 4 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बहस के दौरान ईदगाह मस्जिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। वाद संख्या 4 और 17 पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश की। मुकदमे की अगली तारीख 4 अप्रैल को हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा अपना पक्ष रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान श्री कृष्ण कूप की पूजा की मांग वाली याचिका पर भी कोर्ट में काफी देर तक बहस हुई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष कुल 18 अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई चल रही है। गत 20 मार्च को सुनवाई के दौरान शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ताओं द्वारा बहस की गई थी। मामले की अगली सुनवाई आगामी 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सुनिश्चित की गई है।

हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

बरेली : केंद्रीय कारागार इज्जतनगर में हत्या के दोष में उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी की लखनऊ के केजीएमयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 25 साल से जेल में बंद था। चौबारी गांव में करीब चालीस साल पहले मेले की ठेकेदारी की रंजिश में नरेन्द्र सिंह और गया सिंह के बीच दुश्मनी हुई थी। गंगा सिंह और उनके परिजनों ने नरेन्द्र की हत्या कर दी थी। इसके बाद गंगा सिंह के खिलाफ एक और हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। इन्हीं दोनों मामलों में गंगा सिंह को उम्रकैद की सजा हुई थी। गांव के मोहित मिश्रा ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी तबीयत खराब हुई थी, तब जेल कर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां से केजीएमयू लखनऊ में इलाज के लिए भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद लखनऊ पुलिस गंगा सिंह का शव बरेली ला रही है।

किसान नेता समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गजरौला (अमरोहा) : शहर क्षेत्र में रविवार को एक निजी टीवी चैनल की डिबेट के दौरान नोकझोंक और हाथापाई के मामले में पुलिस ने किसान नेता और जिला पंचायत सदस्य के पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इन लोगों पर आचार संहिता का उल्लघंन का आरोप लगा है। इस समय लोकसभा चुनाव प्रक्रिया चल रही है। इस बीच मीडियाकर्मी लोगों का मूड जानने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम कर रहे हैं। इस क्रम में रविवार को एक निजी चैनल की टीम शहर के इंदिरा चौक पर पहुंची थी। यहां टीम ने डिबेट की। इसमें सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के प्रतिनिध, किसान संगठन के नेता भी शामिल हुए थे। डिबेट में भाजपा विधायक, सपा के जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह सैनी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया अपने-अपने पक्ष रखने के लिए मौजूद थे।

अवैध शस्त्र बनाने पर 67 लोगों पर कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार: आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत हुई कार्रवाई में अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में 67 लोगों पर कार्रवाई की गई, साथ ही, संबंधित स्थलों को सीज कर दिया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग की ओर से अब तक 5,33,797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये हैं।

साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चचेरी साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार उसका साथी घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के स्वार रोड स्थित मुरसैना के पास का है। बिजनौर जनपद के रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा पट्टा निवासी मेघराज (40) की काशीपुर आंगा में ससुराल है। रविवार की शाम मेघराज अपनी चचेरी साली की लगुन लेकर अन्य रिश्तेदारों के साथ भोट बक्काल गांव गया था। रस्म पूरी कर रात 12 बजे सभी लोग अपने वाहनों से वापस आ रहे थे। स्वार रोड पर मुरसैना के पास डंपर ने मेघराज की बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में मेघराज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठा रिश्तेदार राहुल घायल हो गया। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान मुरसेना पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने हंगामा कर रहे रिश्तेदारों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया।

7.45 लाख की नगदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव को लेकर बनाए गए बैरियर और उन पर कड़ी निगरानी से पुलिस टीमों को बड़ी सफलता मिली है। पिछले दिनों से लेकर अब तक इन टीमों ने कुल 7.45 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। यह वह नगदी है, जिसके संबंध में संबंधित लोग पुलिस टीमों को साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इस धनराशि को जिला कोषागार में सुरक्षित किया गया है।

बताया जा रहा है कि यदि समय रहते संबंधित लोग बरामद धनराशि के विषय में साक्ष्य उपलब्ध करा देंगे तो उन्हें उनकी रकम वापस कर दी जाएगी। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। यह सभी टीमें जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतरराज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। ये बैरियर सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं। बैरियर पर 24 घंटे की संपूर्ण गतिविधियों को कैमरों में रिकॉर्ड किया जा रहा है। इन बैरियर से होकर गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन जांच हो रही है।

31.47 लाख की कच्ची शराब बरामद

नोडल अधिकारी ने बताया कि एसएसटी एवं एफएसटी टीमों और थाना पुलिस की सक्रियता के कारण इधर दो-ढाई महीने में 749 लोगों से कुल 12,352 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की जा चुकी है। इसकी कुल कीमत करीब 31.47 लाख रुपये है। इसी तरह 56 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई है। इसकी कीमत लगभग 15,000 रुपये है। इसके अलावा अन्य मादक पदार्थों में 15 किग्रा गांजा, 11 किग्रा चरस, 28 किग्रा डोडा और 15 किग्रा अन्य मादक पदार्थ की बरामदगी की गई है। यह मादक पदार्थ कुल 104 लोगों से बरामद किया गया है। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई है।

फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्यात्म ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।

गोली चलाने की आरोपी सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा

- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के चुनाव के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।

बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	हेमा मालिनी	6,74,633
रालोद	जयन्त चौधरी	1,43,890
बसपा	विवेक निगम	73,572
सपा	दिनेश कर्दम	36,673

भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे

अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

बांग्ला फिल्मों की अभनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।

टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।

दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।

बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

वादे और इरादे | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

3.75 लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

1.70 लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

19 अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

अमृत विचार। भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद : कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।

पहाड़ की बेटी ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1865, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1795, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1660, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1730, मोर 1595, चक्र टिन 1680, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1835। **किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। **चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000। चीनी -डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970 (नयी), बहेड़ी 3980 (नयी)।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	68400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	67400
सिल्वर (पक्की)	752 (अनुमानित)

हल्द्वानी मंडी

दाम प्रति किग्रा. में चावल : शरबती- 62-95 मसूरी- 85 बासमती- 100 **दाल दलहन :** काला चना- 70-90 साबुत चना दाल- 74-80 मूंग साबुत- 110-115 राजमा- 110-130 दाल उड़द- 107-110

साबुत मसूर दाल- 70 मसूर दाल- 85 उड़द साबुत- 113 काबुली चना- 100-125 अरहर दाल- 135-160 लोबिया/करमानी- 100 सोयाबीन- 44-60 मूंगफली- 77 मटर (सूखी)- 65 मक्का- 19

उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

भारत ने चीन, जापान से आयातित रसायन की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नयी दिल्ली। भारत ने चीन और जापान से रबड़ उद्योग में इस्तेमाल होने वाले रसायन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। एक कंपनी की शिकायत पर यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय 'अघुलनशील सल्फर' की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लि. ने इन दोनों देशों से आने वाले रसायनों की कथित डंपिंग की जांच करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन दिया था। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, कंपनी ने डंपिंग के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में प्रथम दृष्ट्या सबूत प्रदान किये हैं। इसमें कहा गया है, प्राधिकरण कथित डंपिंग और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की डंपिंग रोधी जांच शुरू कर रहा है।

हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

नयी दिल्ली। देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

शिमला। शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। ● एजेंसी

राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

जोधपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

नयी दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

नयी दिल्ली, एजेंसी



निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों से बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल।

विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

खेल डायरी

मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

फुकेट (थाईलैंड)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

मुंबई। विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

लंदन। शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

चहल-बोल्ट चमके, मुंबई की लगातार तीसरी हार

दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला

रियान पराग

मुंबई, एजेंसी

- रियान पराग के नाबाद अर्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा।

मुंबई 125/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान किशन का सैमसन बो बर्गर	16	14	2/1
रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट	00	01	0/0
नमन धीर पगबधा बो बोल्ट	00	01	0/0
डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट	00	01	0/0
तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल	32	29	0/2
हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल	34	21	6/0
पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश	03	06	0/0
टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर	17	24	1/0
गेराल्ड कोएट्जी को हेटमायर बो चहल	04	09	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	08	09	1/0
आकाश मधवाल नाबाद	04	05	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

राजस्थान 127/4 — 15.3 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का डेविड बो मफाका	10	06	2/0
जोस बटलर का चावला बो मधवाल	13	16	2/0
संजू सैमसन बो मधवाल	12	10	3/0
रियान पराग नाबाद	54	39	5/3
रविचंद्रन अश्विन का वर्मा बो मधवाल	16	16	1/0
शिवम दुबे नाबाद	08	06	1/0

गेंदबाजी : मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

मुंबई, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे।

बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



मुंबई, एजेंसी। साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।

प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

मुंबई, एजेंसी। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

21 हजार करोड़ के पार पहुंचा रक्षा निर्यात : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री बोले- स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ



भारत का रक्षा बजट पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भारत का रक्षा निर्यात अभूतपूर्व तरीके से बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 21 हजार करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि 'पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के चलते भारत के रक्षा निर्यात में यह ग्रोथ देखी गई है। जनवरी 2022 में भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सौदा किया था। यह सौदा करीब 37 करोड़ डॉलर का था। कई अन्य देशों के साथ भी भारत की रक्षा निर्यात को लेकर बातचीत चल रही है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से भी देश के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत का रक्षा निर्यात 85 से अधिक देशों को हो रहा है। देश की 100 से ज्यादा कंपनियां रक्षा उत्पादों को दूसरे देशों को निर्यात कर रही हैं।

जेएनयू में दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है।

हालांकि, एबीवीपी ने इस आरोप से इनकार किया और दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। शिकायत में पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

जेल में केजरीवाल सहित चारों नेता एक दूसरे से नहीं मिल सकेंगे

नई दिल्ली, ब्योरा। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।

समर्थकों ने किया प्रदर्शन

अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने के आदेश होने के सैकड़ों समर्थकों ने जेल के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों के जेल के बाहर पहुंचने की आशंका को देखते हुए पश्चिम जिला पुलिस ने पहले ही जेल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। समर्थकों बीच-बीच में दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी करते हुए समर्थक सड़क पर आ गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने समर्थकों पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया।

तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भगवत गीता का पाठ करेंगे केजरीवाल

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। यहां सिर्फ अदालत के आदेश पर कैदियों को सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि तिहाड़ जेल में भी भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी मिलती है। जिसके तहत कैदियों के पास सिम कार्ड, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, नशीले पदार्थ व चाकू ब्लेड बरामद हुए हैं। केजरीवाल के मामले में एक बात और सामने आई है कि उन्हें जेल नंबर दो में रखा गया है जिसमें सजा पाने वाले कैदियों को रखा जाता है। उनकी जेल सबसे सुरक्षित कही जाती हैं और उसमें कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त चारों नेताओं का दैनिक चिकित्सा परीक्षण भी होगा और विशेष सुरक्षा भी दी गई है।

शराब नीति घोटाले में चारों नेता गए जेल

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में उक्त 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। माना जा रहा था कि तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी के उक्त चारों नेता एक स्थान पर बैठकर अपनी अगली राजनीतिक रणनीति पर चिंतन मनन करेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

एक नजर

बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

मध्यप्रदेश: सीहोर में रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 लोग घायल

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को यात्री बस रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय दीवार से टकरा गई, जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया एक अन्य वाहन को टक्कर लगेन के बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई। बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर से संतुलन खो दिया, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीहोर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कहा- मामले की आगे की कार्रवाई के जांच शुरू की है।

रूस में सोने की खदान में फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित किया

मॉस्को। रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र अमूर में पायनियर सोने की खदान गिरने से फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया है। बचाव अभियान को आधिकारिक तौर पर रोक दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, खदान में चट्टान ढहने की घटना 18 मार्च को 13 श्रमिक फंस गए थे। जिन्हें वहां के प्रशासन ने अब मृत घोषित कर दिया है। खदान में अब प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। बता दें, खदान प्रबंध निदेशक को 26 मार्च को कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। सुरक्षा आवश्यकताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

हिमाचल में हिमपात-बारिश के बीच लाहौल में गिरे दो हिमखंड

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों से चोटियों पर हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है। वहीं, लाहौल में रविवार को हिमपात के बाद दो जगह हिमखंड गिरे हैं। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल से आगे कुठ बिहाल के वाम तट पर हिमखंड गिरा, जबकि दूसरा हिमखंड तांदी-केलांग मार्ग पर गिरा है। इससे भागा नदी का प्रवाह कुछ समय के लिए रुक गया। हिमखंड गिरने के कारण किसी तरह से नुकसान की सूचना नहीं है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि लोग बर्फबारी के बीच हिमखंड गिरने वाले क्षेत्रों का रुख न करें।

कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार

शिवगंगा (तमिलनाडु)। लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

बीजिंग, एजेंसी

- भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी



नई दिल्ली। अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

शिव मंदिर तुंगनाथ...

रुद्रप्रयाग: उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका नौ बच्चों की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी।

उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

आतंक का गढ़ बना पाक, 3 माह में 245 हमले, 432 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- सीआरएसएस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बलूचिस्तान का बुरा हाल

पाकिस्तान में आतंकवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ताजा रिपोर्ट में 2024 की पहली तिमाही में आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की कुल 245 घटनाएं हुई। इन हमलों और अभियानों में 432 लोगों की मौत हुई और 370 लोग घायल हो गए। सिर्फ तीन महीनों के भीतर 432 लोगों की मौत का ये आंकड़ा बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान प्रांतों में बुरा हाल है। इन इलाकों में तीन महीनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई और 86 प्रतिशत हमले हुए। रिपोर्ट बताती है कि इन जगहों के मुकाबले पाकिस्तान के बाकी क्षेत्रों में माहौल अपेक्षाकृत शांत रहा।

सुरक्षा बलों पर फिर हुआ हमला, दो की मौत

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला थम नहीं रहा है। बंदरगाह शहर ग्वादर जिले के अंकारा बांध क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने बम निरोधी दस्ते पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बम निरोधी दस्ता बारूदी सुरंगों को हटाने में लगा था। ग्वादर के एसएसपी मोहसिन जौहैब ने कहा कि घटना ग्वादर शहर से 25 किलोमीटर दूर हुई है। घायल सैनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की खोज में अभियान चलाया है।

विज्ञान अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम

'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन 'सोहो' ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज़ के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।



सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

मंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के

मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।